# City 24 News

शहर आपका, खबर आपकी

ऑनलाइन हिन्दी डिजिटल ई-पेपर वर्ष 2, अंक 44 पेज 8 बुधवार 14 फरवरी, 2024 संपर्क: 9818180269

www.city24news.in ! youtube@city24media ! facebook@www.city24news.in ! twitter@city24media


### भाजपा सांसदों, विधायकों और पार्टी पदाधिकारियों को लोकसभा चुनाव की जीत को एतिहासिक बनाने के लिए कहा

# मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने सभी को दिए जनसंपर्क अभियान को और तेज करने के निर्देश

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रेवाड़ी रैली हर विधानसभा में एलईडी पर देखने के प्रबंध करेगी भाजपा**

**2013 की रैली से भी अधिक सफल होगी 2024 की यह रेवाड़ी रैली: नायब सैनी**

**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़।** लोकसभा चुनाव के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल और प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने सभी सांसदों, विधायकों, जिला प्रभारियों और जिला अध्यक्षों को मंगलवार को चंडीगढ़ बुलाकर कह दिया है कि हरियाणा में लोकसभा की 10 की दसों सीटों पर एतिहासिक जीत दर्ज करने के लिए सभी को कोई कौर कसर नहीं छोड़नी है, इसलिए अपने जनसंपर्क अभियानों को और तेज कर दें। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 16 फरवरी की रेवाड़ी रैली को हर विधानसभा में बड़ी स्क्रीन पर देखने के प्रबंध करने के निर्देश बैठक में दिए गए।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 फरवरी को रेवाड़ी में एम्स की आधारशिला रखने आ रहे हैं। प्रधानमंत्री के भव्य स्वागत और ज्यादा से ज्यादा लोग प्रधानमंत्री का उद्बोधन सुन सके, इसके लिए योजना बनाई गई है। श्री सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हरियाणा से विशेष लगाव रहा है, इसलिए लगातार बड़ी-बड़ी सौगातें हरियाणा को देते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने जहां देश में विकास की गति को तेज किया है उसमें भी हरियाणा पीछे नहीं रहा है। हरियाणा में सड़कों, हाइवें, एक्सप्रेस-वे का जाल बिछा है वहीं वंदेभारत जैसी ट्रेन हरियाणा को




मिली है।

नायब सैनी ने बताया कि 16 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी रेवाड़ी से विकास अनेक नई-नई परियोजनाओं का उदघाटन करेंगे तो कुछ परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। रेवाड़ी में बनने वाले एम्स पर बोलते हुए श्री नायब सैनी ने कहा कि रेवाड़ीएम्स का लाभ हरियाणा के अलावा राजस्थान, उत्तर प्रदेश व दिल्ली के लोगों को मिलेगा। श्री सैनी ने बताया कि आज की बैठक में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रधानमंत्री मोदी की रेवाड़ी की रैली को भव्य बनाने के जरूरी दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने दावा किया कि 16 फरवरी 2024 की यह रेवाड़ी रैली पिछली 2013 की रैली से भी सफल रैली होगी।

नायब सैनी ने कहा कि गांव चलो अभियान को और तेज गति देने पर भी बैठक में मंथन हुआ है। डबल इंजन की सरकार में गरीबों को सरकार की योजनाओं का लाभ घर बैठे मिल रहा है। मोदी की गारंटी और मनोहर का संकल्प समाज के अंतिम पायदान पर खड़े हर व्यक्ति का उदय करना है। गांव चलो अभियान के तहत हमारे सांसद, विधायक, मंत्री गांवों में जाएंगे और वहां के लोगों से सरकार के कामों पर चर्चा करेंगे और लोगों से सुझाव भी लेंगे ताकि सरकार की योजनाओं और कार्यशैली को और ज्यादा कारगर बनाया जा सके।

प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने विश्वकर्मा योजना लागू की है और उसका 13 हजार करोड़ का बजट भी पास कर दिया है। यह योजना परम्परागत कार्य करने वाले लोगों के लिए बड़ी फायदेमंद योजना है। आज की बैठक में इस योजना पर भी विस्तार से चर्चा हुई है। सरकार का लक्ष्य परम्परागत काम को बढ़ावा देना है ताकि हमारे युवा समर्थ और आत्मनिर्भर बन सके।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मोदी और मनोहर सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में अहम काम किए हैं। आज की बैठक में स्वयं सहायता समूहों की बहनों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने पर भी चर्चा हुई। श्री सैनी ने कहा कि चुनाव 2024 अब हमाने सामने है, भाजपा जनसमर्थन और कार्यकर्ताओं के दम पर दस की दस सीटें जीतकर तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएगी।

पत्रकार द्वारा किसान आंदोलन पर पूछे गए सवाल पर नायब सैनी ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर सवाल दागते हुए कहा कि इन दोनों पार्टियों ने किसानों के हितों के लिए कितने काम किए हैं इस पर श्वेत पत्र जारी करना चाहिए। राजस्थान में कांग्रेस के समय दो फसले ही एमएसपी पर खरीदी जाती थी और यही हाल पंजाब का है। पंजाब में भी कांग्रेस गेहूं और धान ही एमएसपी पर खरीदती थी और आम आदमी पार्टी भी इन दोनों फसलों को ही एमएसपी पर खरीद रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष किसान आंदोलन के नाम पर राजनीतिक रोटियां सेंक रहा है। श्री सैनी ने कहा कि हरियाणा में मनोहर सरकार एमएसपी पर 14 फसलों को खरीद रही है। सबजियों पर किसानों को भावान्तर भरपाई योजना के तहत लाभ दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत किसानों को सबसिडी दी जा रही है। 10 सालों में मोदी सरकार ने किसानों को सोलर पंप के साथ जोड़कर सशक्त करने का काम किया है। किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा मोदी सरकार लगातार एसएसपी भी बढ़ा रही है।

नायब सैनी ने कहा कि मोदी और मनोहर सरकार बातों में नहीं, काम करने में विश्वास रखती है। ऐसे में सभी राजनीतिक दलों को दलगत राजनीति से उपर उठकर काम करना चाहिए और किसानों के हित में काम करना चाहिए। पराली मामले में दिल्ली के सीएम पर भी श्री सैनी ने तंज कसते हुए कहा कि श्री केजरीवाल पहले दिल्ली में प्रदूषण फैलाने का दोषी पंजाब को बताते थे। अब पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है, लेकिन पराली प्रबंधन की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। नायब सैनी ने कहा कि मनोहर सरकार ने पराली प्रबंधन पर अच्छा काम किया जिसकी तारीफ माननीय सर्वोच्च अदालत ने भी की। इस मौके पर संगठन मंत्री फणींद्र नाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बड़ौली और डा. अर्चना गुप्ता, सुरेन्द्र पूनिया भी उपस्थित रहे। इसके अलावा अनेक सांसद, विधायक, जिला प्रभारी और जिला अध्यक्षों के अलावा पार्टी के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

## गृह मंत्री श्री अनिल विज ने किसानों से की अपील, वह (किसान) अपनी कॉल को वापस लें और उसे विड्रॉ करें




**बातचीत के लिए अभी भी केंद्र सरकार कह रही है कि हम बातचीत के लिए तैयार : अनिल विज**

**दिल्ली या हरियाणा पर हमला करके हल नहीं निकलेगा बल्कि बातचीत से ही हल निकलेगा : विज**

**हम शांति भंग नहीं होने देंगे : विज**

**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वह (किसान) अपनी कॉल को वापस लें और उसे विड्रॉ करें क्योंकि बातचीत के लिए अभी भी केंद्रीय कृषि मंत्री श्री अर्जुन मुंडा और केंद्र सरकार कह रही है कि हम बातचीत के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली या हरियाणा पर हमला करके हल नहीं निकलेगा बल्कि बातचीत से ही हल निकलेगा। श्री विज आज चंडीगढ़ में मीडिया कर्मियों द्वारा किसानों के दिल्ली कूच के संबंध में पूछे गए सवाल के जबाव दे रहे थे।

**पहली बार केंद्र सरकार खुद दिल्ली से चलकर चंडीगढ़ में बातचीत के लिए आई : विज**

उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब सरकार खुद दिल्ली से चलकर यहां चंडीगढ़ में बातचीत के लिए आई है।

उन्होंने सवाल खड़ा करते हुए कहा कि दिल्ली में जाकर यह (किसान) किससे बातचीत करेंगे यह दिल्ली में जाकर किसको सुनाना चाहते हैं।

केंद्र सरकार के मंत्रियों के साथ दो दौर की किसानों की बात हो चुकी, आगे भी केंद्रीय मंत्री बातचीत करने के लिए मना नहीं कर रहे विज

गृह मंत्री ने कहा कि किसानों का अगर मकसद है दिल्ली जाने का इसलिए है कि केंद्र सरकार से बात हो, तो केंद्र सरकार दिल्ली से यहां चंडीगढ़ में आकर किसानों से बातचीत कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के मंत्रियों के साथ दो दौर की किसानों की बात हो चुकी है और आगे भी केंद्रीय मंत्री बातचीत करने के लिए मना नहीं कर रहे हैं। लेकिन फिर भी यह (किसान) दिल्ली जाने के लिए अड़े हुए हैं तो यह समझ से परे की बात है। उन्होंने प्रश्न खड़ा करते हुए कहा कि यह किस लिए दिल्ली जाना चाहते हैं, ऐसा लगता है इनका मकसद कुछ और है।

**हम शांति भंग नहीं होने देंगे : विज**

राज्य के लोगों को सुरक्षित रखने के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हमारी तैयारियां पूरी तरह से हैं और हम शांति भंग नहीं होने देंगे। हरियाणा की सीमाओं के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हमारे अधिकारी बॉर्डर पर सतर्क हैं और नियंत्रण रखे हुए हैं।

**बातचीत से ही सहमति बन सकती है और बहुत से बिंदुओं पर सहमति बनी भी है : विज**

पंजाब के मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए बयान के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि किसी भी बात का बातचीत से ही हल होता है और बातचीत करने से सरकार बिल्कुल भी भाग नहीं रही है।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री बार-बार बातचीत के लिए कह रहे हैं क्योंकि बातचीत से ही सहमति बन सकती है और बहुत से बिंदुओं पर सहमति बनी भी है।

## हरियाणा में किसानों को क्यों रोका जा रहा है? हाईकोर्ट ने किसान आंदोलन को लेकर पूछा यह सवाल

**कानून-व्यवस्था बनाए रखी जाए, बल का इस्तेमाल आखिरी उपाय हो : किसान आंदोलन पर हाईकोर्ट का दखल**

**अदालत ने कहा कि सरकार ने किसानों को रोका है.अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक सड़कों पर कीलें और बिजली के तार लगे हैं. ये देश भर में फ्री आवाजाही के अधिकार का हनन है.**

**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़।** केंद्र सरकार और किसानों के बीच एमएसपी पर कानून को लेकर एक बार फिर टकराव देखने को मिल रहा है. किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च को प्रशासन ने कई जगहों पर रोक दिया है. इस बीच इस मामले में हाईकोर्ट ने भी दखल दिया है. अदालत ने कहा है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखी जाए, बल का इस्तेमाल आखिरी उपाय हो. पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने कहा है कि कानून- व्यवस्था बनाए रखी जाए.सभी मुद्दों का सौहार्दपूर्ण ढंग से हल निकले. सभी पक्षों को बैठकर मामले का समाधान निकालना चाहिए. बल का इस्तेमाल आखिरी उपाय हो.

अदालत ने कहा कि इस मामले को पंजाब और हरियाणा सरकार देखें, एक निश्चित जगह पर प्रदर्शन हो. कोर्ट ने केंद्र, पंजाब और हरियाणा से इस मुद्दे पर स्टेटस रिपोर्ट भी मांगी है. दिल्ली सरकार को भी पक्षकार बनाया गया है. इस मुद्दे पर गुरुवार को सुनवाई होगी.

**मौलिक अधिकार पर सेंसरशिप नहीं हो सकता: हाईकोर्ट**

सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कहा कि बोलने और अभिव्यक्ति के मौलिक अधिकार में संतुलन होना चाहिए. कोई भी अधिकार अलग नहीं है. मुद्दे को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल किया जाना चाहिए .बल का उपयोग अंतिम उपाय होगा. अदालत ने केंद्र की दलीलों पर गौर किया कि बैठकें हो रही हैं.

अदालत ने हरियाणा की यह दलील भी दर्ज की कि ट्रैक्टरों को मोडिफाई किया गया है. याचिकाकर्ता ने दलील दी है कि भारत एक लोकतांत्रिक गणराज्य है. यह धर्मनिरपेक्षता, लोकतंत्र, गणतंत्र के स्तंभों पर आधारित है. संविधान के अनुच्छेद 13-40 तक इन सिद्धांतों का विस्तार से बखान है.मौलिक अधिकार सेंसरशिप के बिना इन अधिकारों की स्वतंत्रता के प्रयोग की अनुमति देते हैं.

**यह देश भर में फ्री आवाजाही के अधिकार का हनन है: हाईकोर्ट**

अदालत ने कहा कि सरकार ने किसानों को रोका है.अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक सड़कों पर कीलें और बिजली के तार लगे हैं. ये देश भर में फ्री आवाजाही के अधिकार का हनन है.याचिकाकर्ता ने कोर्ट से कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने विरोध करने और शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन में सहायता करने के अधिकार को बरकरार रखा है. सरकार ने सड़कें अवरुद्ध करके मौलिक अधिकारों का हनन किया है. कोर्ट ने सवाल किया कि यहां स्थायित्व क्या है? स्थायी नाकाबंदी से आप क्या




समझते हैं?

**आंदोलन के खिलाफ क्या तर्क दिए गए?**

किसान विरोध के खिलाफ दाखिल दूसरी जनहित याचिका में वकील अरविंद सेठ ने कहा कि हजारों वाहन दिल्ली की ओर बढ़ रहे हैं.किसी को भी राष्ट्रीय राजमार्गों को अवरुद्ध करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए.जनता को असुविधा की इजाजत नहीं दी जा सकती.अस्पताल जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही है. सरकार ने स्थान निर्दिष्ट किए हैं.वहां लोग सरकार की नीतियों का विरोध कर सकते हैं. लेकिन वे विरोध करने के लिए कहीं भी जाकर जनता के लिए असुविधा नहीं बढ़ा सकते हैं. केंद्र सरकार के वकील का कहना था कि जहां तक एमएसपी का सवाल है तो केंद्र बातचीत के लिए तैयार है. इसके लिए किसान प्रतिनिधियों के साथ हम चंडीगढ़ में भी बैठकें कर सकते हैं.

**केंद्र सरकार ने क्या कहा?**

केंद्र सरकार ने कहा कि जहां तक एमएसपी का मामला है तो उसको लेकर जुलाई 2022 में ही कमेटी बनाई जा चुकी है.इसका किसान नेता बायकॉट कर चुके हैं. किसान आंदोलन के मद्देनजर हरियाणा में इंटरनेट बंद और आने जाने पर पाबंदी लगाने के आदेश के खिलाफ अब पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में अगली सुनवाई गुरुवार यानी 15 फरवरी को होगी.

## खट्टर सरकार बताए दूसरे प्रदेशों से कौन पर्ची भेज रहा है जिनपर हरियाणा की बड़ी नौकरियां अन्य प्रदेशों के लोगों को दी जा रही है : दीपेन्द्र हुड्डा

**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने हरियाणा की नौकरियों में ज्यादातर चयन अन्य प्रदेशों के अभ्यर्थियों का होने पर चिंता जताते हुए कहा कि HPSC और HSSC भर्ती घोटाले करने और दूसरे प्रदेशों के लोगों को हरियाणा की नौकरी देने का अड्डा बन गये हैं। उन्होंने कहा कि खर्ची पर्ची का राग अलापने वाली खट्टर सरकार बताए दूसरे प्रदेशों से कौन पर्ची भेज रहा है जिनपर खट्टर सरकार हरियाणा की बड़ी नौकरियां अन्य प्रदेशों के लोगों को बाँट रही है। उन्होंने कहा कि एक तरफ BJP-JJP सरकार हरियाणवी युवाओं को ठेके पर कमीशन लेकर युद्ध क्षेत्र इज़राइल में झोंक रही है और दूसरी तरफ यहाँ की बड़ी-बड़ी नौकरियां ज्यादातर दूसरे प्रदेशों के लोगों को दे रही है। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि खट्टर सरकार वोट तो हरियाणा वालों से मांगती है और नौकरी हरियाणा के बाहर वालों को देती है। जब हरियाणा की नौकरियां दूसरे प्रदेशों के लोगों को देना है तो फिर वोट भी दूसरे प्रदेशों में जाकर मांगना चाहिए।

उन्होंने बताया कि HPSC ने विकास और पंचायत विभाग में स्ठश्व (सिविल) की भर्ती में सामान्य वर्ग के 48 पदों में से अन्य प्रदेशों के 19 अभ्यर्थियों का चयन किया है।



यानी लगभग 40% चयनित उम्मीदवार हरियाणा से बाहर दूसरे प्रदेशों के हैं। इससे पहले दिसंबर 2023 में सरकार ने 7 BDPO भर्ती किए, जिनमें से 4 गैर-हरियाणवी थे यानी आधे से ज्यादा हरियाणा के बाहर के थे। फरवरी 2021 में हुई SDO इलेक्ट्रिकल की भर्ती में 90 पदों के लिए 99 लोगों को सिलेक्ट किया गया जिसमें 77 बाहर के थे और 22 हरियाणा के थे। ये वहीं भर्ती थी जिसे 2019 चुनावों से पहले कैंसिल किया गया था। क्योंकि पहले इस भर्ती में 80 में से 78 बाहर के अभ्यार्थियों को सिलेक्ट किया गया। इसी तरह लेक्चरर ग्रुप-B (टेक्निकल एजुकेशन) की भर्ती में सामान्य श्रेणी के 157 में से 103 अभ्यार्थी हरियाणा से बाहर के सेलेक्ट हुए थे। यानि हरियाणा की राजपत्रित लेवल की पोस्ट पर हरियाणा से बाहर के 65% से ज़्यादा अभ्यर्थियों का चयन हुआ। साल 2019 में असिस्टेंट प्रोफेसर पॉलिटिकल साईंस की भर्ती में 18 में से 11 उम्मीदवार बाहरी थे और सिर्फ 7 हरियाणवी थे। कृषि विभाग के लिए HPSC ने 600 ADO पदों के लिए भर्ती निकाली थी। लेकिन सिर्फ 57 कैंडिडेट्स को पास करके इंटरव्यू के लिए बुलाया गया और उनमें से भी 50 का ही चयन किया गया। हैरानी की बात है कि भर्ती में जनरल केटेगरी के 23 पदों में से 16 पदों पर हरियाणा से बाहर के उम्मीदवारों का चयन किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि हरियाणा अकेला ऐसा प्रांत है, जहाँ स्टाफ नर्स व वेटेरिनरी की पोस्ट के लिए हरियाणा नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल व हरियाणा वेटेरिनरी रजिस्ट्रेशन काउंसिल का पंजीकरण अनिवार्य नहीं, जबकि दूसरे प्रदेशों में प्रांतीय काउंसिल का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। इसके कारण बाहर के युवा हरियाणा में नर्सिंग व वेटेरिनरी में भर्ती हो रहे हैं और हरियाणा के युवाओं को न हरियाणा में जगह मिलती और न अन्य प्रदेशों में। इसी तरह कुछ महीने पहले उत्तर प्रदेश के डाकखाना में GDS पद पर चयनित हरियाणा के 3 युवाओं को इसलिए नियुक्ति नहीं दी गई, क्योंकि वो यूपी के नहीं थे।

दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा का नौजवान रिकार्ड बेरोजगारी के कारण डिप्रेशन और नशे की गिरफ्त में चला गया या अपना सब कुछ बेचकर, कर्ज लेकर विदेशों में नौकरी खोजने को मजबूर है। हरियाणा वालों को तो अन्य प्रदेशों में मौका नहीं मिलता लेकिन हरियाणा की भर्तियों में बड़ी तादाद में दूसरे प्रदेशों के लोगों का चयन हो रहा है। इस काम को करने के लिए बीजेपी-जेजेपी सरकार ने HPSC में चेयरमैन भी झारखंड से लाकर बैठा दिया। दीपेन्द्र हुड्डा ने सवाल किया कि क्या हरियाणा की लगभग 3 करोड़ आबादी में सरकार को इस महत्वपूर्ण पद के लिए कोई योग्य व्यक्ति नहीं मिला?

दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि बीजेपी-जेजेपी सरकार हरियाणवी युवाओं को नौकरियों से पूरी तरह वंचित करना चाहती है। इसीलिए जानबूझकर सरकारी भर्तियों के लिए ऐसे नियम बनाए जा रहे हैं, ताकि अन्य राज्यों के लोगों को सीधा लाभ मिल सके। HPSC ने सहायक पर्यावरण अभियंता भर्ती के सिलेबस से हरियाणा जीके को पूरी तरह खत्म कर दिया। एचएसएससी और एचपीएससी की भर्तियों लगातार गैर-हरियाणवियों को तरजीह देने वाली नीति अपनाई जा रही है। एसडीओ, बीडीपीओ, लेक्चरर से लेकर सहायक पर्यावरण अभियंता तक हर भर्ती में हरियाणवियों के साथ साजिश हो रही है। बीजेपी-जेजेपी ने प्राइवेट नौकरियों में 75% हरियाणावी युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था, वो तो मिला नही उलटे ये सरकार अब हरियाणा की नौकरियों में 75% बाहरी लोगों को भर्ती करने की नीति पर आगे बढ़ रही है। जो स्पष्ट दिखाई दे रहा है।

# पुलिस अलर्ट, सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार करने वालों पर होगी कार्रवाई

## अधिकारियों ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद जिले में किसान संगठनों के दिल्ली कूच आह्वान के मद्देनजर पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने मंगलवार को जिले के बॉर्डर एरिया गदपुरी टोल प्लाजा, सीकरी, झाड़ सेतली, खोरी व मांगर के नाकों पर पुलिस बन्दोबस्त का जायजा लिया। बता दें कि 13 फरवरी को विभिन्न किसान संगठनों ने दिल्ली कूच का आह्वान किया गया है। जिसके मद्देनजर एहतियातन फरीदाबाद पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है।कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए फरीदाबाद पुलिस ने पर्याप्त व पुख्ता पुलिस बंदोबस्त किए गए हैं।

फरीदाबाद के पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने जिले के सीकरी बॉर्डर नाका, पलवल के गदपुरी नाका और फरीदाबाद-दिल्ली बॉर्डर पर सराय नाका, सीकरी, झाडसेंतली, खोरी व मांगर के नाकों पर व्यवस्थाओं और बन्दोबस्तों का जायजा लेने के लिए के लिए दौरा किया गया। उन्होंने मौजूद पुलिस अधिकारियों को किसानों की हर गतिविधि पर पूरी तरह से नजर रखने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान पुलिस आयुक्त के साथ डीआईजी कम डीसीपी बल्लबगढ़ राजेश दुग्गल, डीसीपी एनआईटी अमित यशवर्धन, एसीपी बलल्बगढ़ विनोद कुमार, एसीपी मुजेसर महेश कुमार भी मौजूद रहे। इसके अलावा गदपुरी नाका पर पलवल पुलिस के अधिकारियों से भी समन्वय स्थापित किया गया। इस दौरान पलवल की तरफ बॉर्डर के नाके पर पलवल की एसपी डॉक्टर अंशु सिंगला, एडिशनल एसपी मयंक मिश्रा व पलवल के डीएसपी नरेंद्र यादव मोजूद रहे। इस संबंध में पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस द्वारा किसानों की हर गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। किसान नेताओं से वार्तालाप करके कानून एंव व्यवस्था को बनाएं रखने व किसी भी प्रकार के उपद्रव को रोकने के लिए एहतियातन कदम उठाए जा रहे हैं। जिले के हर हालात के बारे में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को भी नियमित तौर पर अवगत करवाया जा रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे- ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब व अन्य प्लेटफॉर्म पर पुलिस द्वारा विशेष निगरानी रखी जा रही। ताकि किसी भी प्रकार की भ्रामक, गलत, लोगों को उकसाने के लिए पुरानी फोटो व वीडियों के साथ छेडछाड करके वायरल करने वाले व दुष्प्रचार करने वाले असामाजिक तत्वों पर समय रहते कार्रवाई की जा सके। फरीदाबाद पुलिस ने आमजन से अपील की है कि आपस में किसी भी प्रकार की भ्रामक, गलत व उकसाने वाली खबर/फोटो/वीडियो पर ध्यान ना दें। कोई भी गैर कानूनी गतिविधि ना करें। कानून एवं व्यवस्था बनाएं रखें। साथ ही कानून एंव व्यवस्था भंग करने वाले असामाजिक तत्वों को चिन्हित करके उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। यातायात व्यवस्था के चलते फरीदाबाद पुलिस ने अपील की है कि दिल्ली बॉर्डर पर स्थित दुर्गा बिल्डर के पास दिल्ली व फरीदाबाद पुलिस के नाके पर भी किसान आंदोलन के चलते व वाहनों की चेकिंग के चलते वाहन चालकों को थोड़ी असुविधा का सामना करना पड़ सकता है इसलिए आमजन से अपील है कि वह दिल्ली की तरफ आवागमन करते समय निजी वाहन का प्रयोग करने की बजाय पर्बलिक ट्रांसपोर्ट जैसे मेट्रो, रेलवे व बस आदि का उपयोग करें और फरीदाबाद पुलिस का सहयोग करें।

# मोदी-मनोहर सरकार अंत्योदय के सिद्धान्त और गरीब कल्याण को समर्पित : वोहरा

**भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया ग्राम परिक्रमा यात्रा अभियान का शुभारंभ**

**बलदेव अलावलपुर के संयोजन में फरीदाबाद के गांव जवां से ग्राम परिक्रमा यात्रा का शुभारंभ**



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को पूरे देश में ग्राम परिक्रमा यात्रा की शुरूआत कर दी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा इस यात्रा की शुरूआत उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के मां शाकुंभरी मंदिर स्थित शुकरताल से की। इस मौके पर उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राजकुमार चाहर मौजूद रहे। ग्राम परिक्रमा यात्रा के शुभारंभ में 50 हजार से अधिक किसान मौजूद रहे और फरीदाबाद के गांव जवां की चौपाल पर बड़ी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से दिखाया गया। कार्यक्रम में किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बलदेव अलावलपुर के साथ, भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, जिला उपाध्यक्ष सुखबीर मलेरना, किसान मोर्चा के आईटी सेल प्रमुख पंकज सिंगला, मनीष राघव, कुशल ठाकुर, योगेश तेवतिया, नरवीर मलिक सहित गांव के सैंकड़ों लोग एवं किसान मौजूद रहे। हरियाणा में किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुखविंदर सिंह मांढी ने सोहना विधानसभा से इस यात्रा की शुरूआत की और फ़रीदाबाद में भाजपा ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने पृथला विधानसभा क्षेत्र के गाँव जवां की चौपाल में ग्राम परिक्रमा यात्रा का शुभारंभ किया।

यह अभियान 12 फ़रवरी से 12 मार्च तक ग्रामीण क्षेत्र में चलाया जायेगा। पृथला के गाँव जवां की चौपाल पर ग्रामीण क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा और किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बलदेव अलावलपुर, ज़िला उपाध्यक्ष सुखबीर मलेरना और किसान मोर्चे के प्रदेश आई टी प्रमुख पंकज सिंगला का स्वागत व अभिनंदन किया। राजकुमार वोहरा ने कहा कि मोदी मनोहर के नेतृत्व वाली भाजपा के देश प्रदेश की सरकारें अंत्योदय के सिद्धान्त और ग़रीब कल्याण को समर्पित है और योजनाओं के माध्यम से हर वर्ग को सशक्त करने का कार्य कर रही हैं। मोदी सरकार के 10 वर्षों के किसान हितैषी और ग्रामीण विकास की योजनाओं जैसे कि प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण, जल जीवन मिशन, ग्राम सडक़ योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, जन धन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सिंचाई योजना आदि के माध्यम से किसानों और ग्रामीण लोगों को सशक्त किया जा रहा है ।इस अवसर पर किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बलदेव अलावलपुर ने कहा कि 2014 में मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद, किसानों को केंद्र में रखने वाली कई नीतियों और योजनाओं को लागू किया गया है । भाजपा के लिए सबसे वंचित और पिछड़े व्यक्ति तक पहुंचना सिर्फ एक चनुावी वादा नहीं, एक संकल्प है। किसान सम्मान निधि, पीएम आवास योजना, जल जीवन मिशन और आयुष्मान भारत जैसी अनेक योजनाएं इस बात की साक्षी हैं कि मोदी सरकार अंत्योदय के सिद्धान्त को समर्पित है। भाजपा किसान मोर्चा के आईटी प्रमुख पंकज सिंगला ने बताया कि प्रदेश उपाध्यक्ष बलदेव अलावलपुर ने ग्राम परिक्रमा यात्रा का नेतृत्व किया। 12 फ़रवरी से आरंभ होकर 12 मार्च तक चलने वाले ग्राम परिक्रमा यात्रा अभियान के तहत प्रतिदिन 5 गाँव में यह परिक्रमा की जाएगी। इस कार्यक्रम के तहत किसानों से मोदी सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल मेंकिसान हितैषी योजनाओं एवं विषयों पर चर्चा की जाएगी। यात्रा के दौरान किसानों की स्थानीय समस्याओं को भी सुना जाएगा और उनके समाधान सम्बंधित सुझाव भी लिए जाएंगे।

# हुड्डा व उदयभान की बदौलत हरियाणा में फिर से बनेगी कांग्रेस की सरकार : नीरज गुप्ता

**कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता बोले, भाजपा सरकार में हर ओर बदहाली, लोग हो रहे परेशान**



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता नीरज गुप्ता ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान की जोड़ी पूरे हरियाणा में कांग्रेस पार्टी को मजबूत कर रही है और इन दोनों शीर्ष नेताओं की बदौलत 2024 में होने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस बहुमत से सरकार बनाएगी और फिर से हरियाणा और फरीदाबाद को उसका खोया हुआ गौरव दिलाने का काम किया जाएगा। यहां जारी प्रेस बयान में नीरज गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार ने नौ वर्षो के कार्यकाल के दौरान हरियाणा सहित फरीदाबाद को विकास की धुरी से पूरी तरह से उतार दिया है, हर तरफ मूलभूत सुविधाओं की कमी है, जगह-जगह कूड़ा जमा पड़ा है और सडक़ों की हालत बद से बदत्तर है। उन्होंने कहा कि शहर की कालोनियों व सेक्टरों में सडक़ों की दुर्दशा किसी से छुपी नहीं है, शहर में सडक़ों में गड्ढे नहीं बल्कि गडढों में सडक़ें बनी हुई है, लोग भाजपा सरकार की ज्यादतियों से इस कद्र परेशान है कि परिवर्तन का मन बना चुके है। नीरज गुप्ता ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्ड़ा ने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान हरियाणा सहित फरीदाबाद को विकास के नए शिखर पर पहुंचाया था और और आज लोग उनके कार्यकाल को फिर से याद करने लगे ह। उन्होंने कहा कि जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है, तब चुनावों का इंतजार है, चुनावों में जनता कांग्रेस के पक्ष में मतदान करके जनविरोधी भाजपा सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगी।

# भाजपा सरकार ने देश के किसानों के साथ किया बड़ा विश्वासघात : धर्मबीर भड़ाना

## किसान आंदोलन के चलते आप नेता को पुलिस प्रशासन ने किया हाऊस अरेस्ट



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** मंगलवर सुबह छह बजे ही आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य धर्मवीर भड़ाना को किसान आंदोलन के चलते पुलिस प्रशासन ने हाउस अरेस्ट किया उन्हें पहले पाली पुलिस चौकी में ले जाया गया उसके पश्चात लगभग 12 बजे उन्हें उनके कार्यालय पर अरेस्ट रखा गया , इस पर धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि भाजपा सरकार जंगलराज की सरकार है उनकी करनी और कथनी में बहुत बड़ा फर्क दिखाई पड़ता है 1 वर्ष पहले 700 किसानों की कुर्बानी के बाद भाजपा सरकार ने झूठा आश्वासन दे उनका आंदोलन समाप्त करवा दिया था लेकिन भाजपा सरकार अपनी जुबान पर खरी नहीं उतरी और किसानों को दोबारा सडक़पर उतरना पड़ रहा है, उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सरकार में मजदूर ,किसान ,युवा, महिला सभी वर्ग परेशान हैं कमर तोड़ महंगाई और बेरोजगारी ने पूरे देश का बुरा हाल कर रखा है, उन्होंने यह भी कहा कि वह इस तरह मुझे हाउस अरेस्ट कर या गिरफ्तार कर किसानों के आंदोलन में मेरे सहयोग को दबा नहीं सकते और उन्हें मौका मिला तो वह कंधे से कंधा मिलाकर किसानों के आंदोलन में भाग लेंगे उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के सभी कार्यकर्ता और उनकी पार्टी पूरी तरह किसानों के साथ है, आपको बता दे की धर्मवीर भड़ाना के साथ जिला सचिव मैहर चंद हरसाना, प्रदेश प्रवक्ता नरेश शर्मा ,रामगौड, सचिन चौधरी एवं हरजिंद्र मेहंदीरता ,सत्येंद्र शर्मा, सुभाष बघेल सभी इस मौके पर कार्यालय पर मौजूद रहे और भारी संख्या में पुलिस बल कार्यालय के बाहर मौजूद रहा।

# बिजली के अधिकार एवं उर्जा क्षेत्र को बचाने के लिए जन आंदोलन का करना होगा निर्माण : सुभाष लांबा

## बिजली कर्मचारी निजीकरण के खिलाफ 16 फरवरी को करेंगे राष्ट्रव्यापी हड़ताल



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** उर्जा क्षेत्र एवं बिजली के अधिकार पर हमले के खिलाफ मंगलवार को नगर निगम आडिटोरियम में सेमिनार का आयोजन किया गया। ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन के बेनर तले आयोजित इस सेमीनार में सैकड़ों की संख्या में किसान, ट्रेड यूनियन, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन व विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सेमीनार की अध्यक्षता सर्कल सचिव रामचरण ने की और संचालन सर्कल सचिव कृष्ण कुमार कालीरमन ने किया। सेमीनार में ईईएफआई के उपाध्यक्ष सुभाष लांबा, सचिव सुदीप दत्ता, आफिस सेकेट्री जयप्रकाश,निवर्तमान पार्षद दीपक चौधरी, एएचपीसी वर्कर यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शब्बीर अहमद गनी आदि मौजूद थे। इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया ( ईईएफआई) के राष्ट्रीय सचिव सुभाष लांबा ने सेमीनार का उद्घाटन करते हुए कहा कि उर्जा क्षेत्र व बिजली के अधिकार पर हो रहे हमलों के खिलाफ जन आंदोलन का निर्माण करना होगा। उन्होंने कहा कि बड़े पूंजीपतियों की गिद्ध दृष्टि बिजली क्षेत्र पर लगी हुई है। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनावों में बिजली निजीकरण के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिजली कर्मचारी 16 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल करके इसके शुरुआत करेंगे और लोकसभा चुनाव तक यह सिलसिला जारी रहेगा। सेमीनार को संबोधित करते हुए इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के सचिव सुदीप दत्ता ने सेमीनार को संबोधित करते हुए कहा कि बिजली के अधिकार पर हो रहे हमलों के खिलाफ जन आंदोलन बनाना होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सन 2014 से ही बिजली वितरण प्रणाली के निजीकरण के बिजली अमेंडमेंट बिल को पास करवाने का प्रयास कर रही है। केन्द्र सरकार ने संयुक्त किसान मोर्चा से किए लिखित समझौता का उल्लघंन करते हुए 8 अगस्त,2022 को संसद के पटल पर रख पास करवाने का प्रयास किया। कर्मचारियों व किसानों के विरोध के कारण उक्त बिल संसद की संसदीय समिति को भेजा गया। लेकिन समिति ने बार बार पत्राचार करने के किसी भी स्टेक होल्डर से बात नहीं की। उन्होंने कहा कि इस बिल के पास हुए बिना ही बिजली निजीकरण की मुहिम को तेज कर दिया गया है। सरकार ठीक चल रहे बिजली मीटर को बदलकर प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगा रही और टेरिफ पोलिसी को बदला जा रहा है। प्राईवेट खिलाड़ियों से ओपन मार्केट से बिजली खरीदने के लिए 50 रुपए प्रति यूनिट वसूलने की अनुमति दे दी गई है। उन्होंने कहा कि सबसिडी व क्रास सबसिडी को समाप्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर सरकार अपने लक्ष्य में सफल रही तो बिजली किसान व मजदूर की पहुंच से बाहर हो जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया है चंद पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए बिजली अमेंडमेंट बिल पास करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं। सेमीनार को किसान संघर्ष समिति नहर पार के महासचिव सतपाल नरवत, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला प्रधान नवल सिंह नरवत, सीटू के प्रधान निरंतर पाराशर, सचिव वीरेंद्र डंगवाल, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के नेता यूएम खान, लज्जा राम, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान करतार सिंह, सचिव युद्धवीर सिंह खत्री, सैक्टर तीन आरडब्ल्यूएफ के सचिव रतन लाल राणा,जाट संस्था के प्रधान आजाद सांगवान , युनिट प्रधान रामकेश साहरण, दिनेश शर्मा, युनिट सचिव धर्मेंद्र तेवतिया, अशरफ खान, देवेन्द्र त्यागी, युनिट कैशियर सुरेन्द्र शर्मा, उप प्रधान सुबोद कुमार, संजय कुमार, सुरेन्द्र खटकड़ आदि ने संबोधित किया। सेमीनार में सर्व सम्मति से बिजली के मुद्दे को लेकर गांवों व शहरों में जन सेवाओं का आयोजन करने का फैसला लिया गया।

# अनेकता में एकता का संदेश दे रहा है सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला



**मेले की मुख्य व छोटी चौपाल पर दिनभर हो रहे हैं रंगारंग कार्यक्रम**

**देशी व विदेशी कलाकार गायन, वादन व नृत्य से दे रहे हैं अपनी संस्कृति का परिचय**

**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड मेला में देश व विदेश से आए सभी वर्गों के लोग एक सूत्र में बंधे अनेकता में एकता की झलक दिखा रहे हैं। देश के अलग-अलग प्रांत और विश्व के करीब 40 से अधिक देशों से आए शिल्पकार व कलाकार 37वें सूरजकुंड मेले की शान को बनाए रखने में मददगार साबित हो रहे हैं। मेला में एक ओर जहां शिल्पकार अपने हुनर को पर्यटकों के समक्ष रख रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अलग-अलग कलाकार भी अपने देश की समृद्ध विरासत, संस्कृति, गायन-वादन-नृत्य कला और वेशभूषा से लोगों का मन मोह रहे हैं। मंगलवार को भी मेले की मुख्य व छोटी चौपाल पर अलग-अलग जगहों से आए कलाकारों ने अपनी-अपनी मन मोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। अफ्रीकी देश डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कोंगो से आए ला-सांजा गुरप के कलाकारों ने अपने पारंपरिक डांस फॉर्म माकूतानू की शानदार प्रस्तुति दी। यह कांगों में खुशी के मौके पर किया जाने वाला नृत्य है। थीम स्टेट गुजरात के सिद्धी समुदाय के कलाकारों ने सिद्धी धमाल नामक डांस की जोरदार पेशकश कर दर्शकों का मनोरंजन किया। सिद्धी समुदाय करीब 800 वर्ष पूर्व अफ्रीका से पलायन कर गुजरात आया था, उस समय से यह समुदाय गुजरात प्रांत में ही निवास कर रहा है। इस समुदाय के लोग सिद्धी धमाल नृत्य की प्रस्तुति अपने अराध्य बाबा हजरत गौर को प्रसन्न करने के लिए करते है। दक्षिणी अफ्रीका के सुंदर देश मालावी के कलाकारों ने डांस प्रस्तुति के माध्यम से अपने देश की समृद्ध संस्कृति और बड़े-बुजुर्गों के प्रति आदर-सम्मान भाव रखने का संदेश दिया। असम से आए कलाकारों ने बीहू नृत्य से दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। इसके अलावा चौपाल पर इथोपिया, जामबिया, नाइजिरिया, किर्गिस्तान, केपवर्दे, बेलारूस, सेनेगल, बोटस्वाना आदि देशों के कलाकारों ने अपने-अपने देश के लोकगीतों व पारंपरिक गायन की कला से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

# होडल में हरियाणा यूपी बॉर्डर पर पुलिस प्रशासन द्वारा किसानों को देहली जाने से रोकने के किए हाईवे पर खड़े किए केंटर

## पुलिस ने बॉर्डर पर आंसू गैस के गोले छोड़ने वाली गाड़ी और पानी की बौछार छोड़ने वाली गाडियां खड़ी की



**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**होडल।** होडल में किसान आंदोलन को लेकर जिला पुलिस प्रशासन द्वारा हरियाणा यू पी करमन बॉर्डर को सील कर दिया गया है इतना ही नही बॉर्डर पर किसानों को देहली जानें से रोकने के लिए कांटे दार कीलें और जाल लगा दिए गए हैं। बॉर्डर पर आंसू गैस के गोले छोड़ने वाली गाड़ी और पानी की बौछार छोड़ने के लिए दमकल की गाड़ियों को तैनात किया गया है। लेकिन हरियाणा यू पी करमन बॉर्डर पर आज एक भी किसान नही पहुंचा है लेकिन पुलिस बल भारी मात्रा में मौजूद है।

किसान आंदोलनकारियों को देहली में जाने से रोकने के किए होडल में नेशनल हाईवे 19 पर हरियाणा यू पी करमन बॉर्डर को पूरी तरह से सील कर दिया गया है। इतना ही नहीं पुलिस ने किसानो को रोकने के लिए कांटेदार जाल बिछाए हैं और किले लगा दी गई हैं। बॉर्डर पर पुलिस के 250 जवानों को तैनात किया गया है। बॉर्डर पर 24 घंटे पुलिस के जवानों की ड्यूटियां लगाई गई हैं ताकि किसान देहली में प्रवेश नही कर सके। पुलिस द्वारा बॉर्डर पर बेरीगेट और सीमेंट के पिलरों के साथ साथ बड़े बड़े कंटेनरों को लगा दिया गया है ताकि किसानों को देहली जानें से रोका जा सके। होडल डी एस पी कुलदीप सिंह ने कहा की उनके उच्च अधिकारियों के आदेश पर हरियाणा यू पी करमन बॉर्डर को पूरी तरह से सील कर दिया है। उन्होंने बताया की किसानों के दिल्ली कूच को लेकर बॉर्डर को सील किया गया है। किसी भी सूरत में किसानों को हरियाणा और देहली प्रवेश नही होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा की जो भीं ट्रेक्टर ट्राली में बैठकर या गाड़ियों में बैठकर लोग आ रहे हैं उन सभी की चेकिंग की जा रही बिना चेकिंग किए किसी भी वाहन को नही जाने दिया जा रहा है। उन्होंने कहा की किसी भी सूरत में कानून तोड़ने वालों को बक्सा नही जाएगा और जिला उपायुक्त द्वारा धारा 144 लगाई गई है। उन्होंने कहा की जो रास्ते यू पी की तरफ से हरियाणा में आते हैं उन सभी रास्तों पर 24 घंटे के किए पुलिस के नाके लगाए गए हैं। लेकिन पुलिस के भय की वजह से करमन बॉर्डर पर एक भी किसान नही पहुंचा है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने मतदाता केंद्रों का निरीक्षण कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

## वोट बनाने व कटवाने संबंधी आवेदनों के दस्तावेजों की होनी चाहिए बारीकी से जांच



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने मंगलवार को जिला क्षेत्र में मतदाता पुनरीक्षण कार्य के लिए स्थापित मतदाता केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा बनाई जा रहीं नई वोट के कार्य का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने भारत कॉलोनी, गांव सेहतपुर, एनआईटी-3, एसजीएम नगर व जवाहर कॉलोनी में स्थित राजकीय व निजी विद्यालयों में स्थापित बूथों का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस अवसर पर उनके साथ अतिरिक्त उपायुक्त आनंद शर्मा, एसडीएम बडखल अमित मान, एसडीएम फरीदाबाद अमित गुलिया, डीडीपीओ प्रदीप कुमार, तहसीलदार चुनाव दिनेश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने इस दौरान जिला फरीदाबाद की भारत कॉलोनी में स्थित निधि पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल, गांव सेहतपुर में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, एनआईटी-3 में स्थित विद्या निकेतन सीनियर सैकेंडरी स्कूल, एसजीएम नगर में स्थित श्रीराम मॉडल स्कूल और जवाहर कॉलोनी में स्थित गुरू नानक सीनियर सैकेंडरी स्कूल में स्थापित मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बीएलओ को शहर व ग्राम के सभी घरों में भ्रमण कर मतदाता सूची में सम्मिलित होने की पात्रता रखने वाली महिलाओं, लड़कियों व युवाओं सहित शत-प्रतिशत लोगों को वोटर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने बूथों पर मौजूद बीएलओज को निर्देशित करते हुए कहा कि वे वोट बनवाने के लिए अधिक से अधिक महिलाओं को वोट बनवाने के लिए जागरूक करें। इसके अतिरिक्त जिन व्यक्तियों की अब तक किसी कारणवश वोट नहीं बनी है तो उनकी वोट बनवाने की दिशा में कार्य किया जाए।

इसके अलावा वोट बनवाने संबंधी सभी दस्तावेजों को ध्यानपूर्वक चैक करें और वोट कटवाने संबंधी आवेदनों पर विशेष ध्यान दिया जाए। वोट कटवाने के आवेदनों के समस्त कागजात की बारीकी से जांच की जाए। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से मतदान केंद्रों पर साफ-सफाई, रैंप, शौचालय सहित बिजली आदि मूलभूत सेवा-सुविधाओं की व्यवस्था को दुरूस्त रखने के कड़े निर्देश दिए।

# 16फरवरी को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में किसान कर्मचारी, स्कीम वर्कर तथा ग्रामीण सफाई कर्मचारी लेंगे बढ़-चढ़कर भाग

**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** किसान मजदूर व कर्मचारियों के लंबित मुद्दों के समाधान की मांग को लेकर 16फरवरी को संयुक्त किसान मोर्चा व केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में जिले के किसान कर्मचारी व स्कीम वर्कर तथा ग्रामीण सफ़ाई कर्मचारी बढ़ चढ़ कर भाग लेंगे।हड़ताल की सफलता की तैयारीयों को लेकर आज जाट धर्मशाला में संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। किसान सभा के जिलाध्यक्ष धर्म चन्द, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान राजेश शर्मा, कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष जिले सिंह भडाना तथा सीटू की जिलाध्यक्ष उर्मिला रावत की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित बैठक का संचालन सीटू जिलासचिव रमेश चन्द ने किया। सर्व कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा व हरियाणा कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष जिले सिंह भडाना ने कहा कि 15 फरवरी को पलवल शहर में कर्मचारी पदाधिकारियों द्वारा मोटरसाइकिल रैली निकाली जाएगी। मोटरसाइकिल रैली के द्वारा हड़ताल की सफलता के लिए सभी विभागों में जनजागरण अभियान चलाया जाएगा।बैठक में किसान सभा के ज़िला सचिव दरियाब सिंह, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के ज़िला प्रधान बिधूसिंह तथा केंद्रीय कमेटी के नेता ताराचन्द, मैकेनिकल वर्करज यूनियन राज्य उपप्रधान राकेश तंवर, वीएलडीए के जिला चेयरमैन पवन रावत, पशुपालन विभाग जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार, बिजली बोर्ड यूनियन के राज्य उपमहासचिव जितेन्द्र तेवतिया, ब्लाक पलवल सचिव हरकेश सौरोत, कर्मचारी महासंघ के नेता राकेश व मोहम्मद लियाक़त, सीआईटीयू के नेता जगबती डागर,पुष्पा व ग्रामीण सफ़ाई कर्मचारी संघ के नेता मोहन सिंह



विशेष रूप से शामिल रहे। संयुक्त बैठक में 16 फरवरी को केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल का समर्थन करते हुए फैसला किया कि जिले के किसान भी मजदूर व कर्मचारियों के साथ सडक़ पर उतरकर प्रदर्शन में भाग लेंगे।

बैठक में बोलते हुए अखिल भारतीय किसान सभा के जिला प्रधान धर्मचन्द व सीआईटीयू की जिला प्रधान उर्मिला रावत ने बताया कि आज केंद्र व राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण किसान मजदूर व कर्मचारियों की भारी दुर्दशा हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार कमेरे वर्ग के ऊपर चारों तरफ़ से हमला बोल रही है। सरकार किसानों की फसलों की खरीद पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी देने के अपने वायदे से पीछे हट रही है जबकि किसानों के लिए इस्तेमाल इस्तेमाल होने वाले बीज खाद बिजली व कृषि उपकरण लगातार महंगे होते जा रहे हैं। मजदूरों के ट्रेड यूनियन अधिकारों को खत्म किया जा रहा है तथा उनके हितों के लिए पहले से बने श्रम कानूनों को समाप्त कर नए चार लेबर कोड बनने से मजदूरों को दोबारा गुलाम बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी क्षेत्र का निजीकरण करने के चलते पढ़े लिखे बेरोजगार युवाओं के लिए नौकरी के रास्ते बंद किए जा रहे हैं जिससे देश व प्रदेश में रोजगार का भारी संकट पैदा हो गया है।ऊपर से बेतहाशा बढ़ रही महंगाई ने जनता की कमर तोड़ कर रख दी है। कोविडकाल में नौकरी से हटाए गए मजदूरों के परिवार भारी आर्थिक संकट झेल रहे हैं।उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनहित के मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए तरह तरह के षड्यंत्र करती है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र को आवंटित बजट में से लगभग एक लाख करोड़ रुपये बिना खर्च किए केंद्रीय वित्त मंत्रालय को वापिस कर दिए। यूनियन नेताओं ने सरकार द्वारा यूरिया खाद के बोरा का वजन पहले 50 किलो से 45 किलो किया तथा अब 45 किलो से घटाकर 40 किलो कर दिया है तथा नाइट्रोजन की मात्रा भी कम कर दी है। इस फ़ैसले से किसान की पैदावार पर भी विपरीत असर पड़ेगा व खर्चा भी ज्यादा आएगा।

बैठक में किसान नेता सोहनपाल चौहान, दरियाब सिंह, राजकुमार शर्मा पेलक तथा रुपराम तेवतिया व सतीश कमरावली ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

**बैठक व हड़ताल के मुख्य मुद्दे:**

किसानों की फसलों की खरीद पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी दी जाए। बिजली संशोधन कानून को रद्द किया जाए। कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए तथा सभी विभागों में ख़ाली पड़े पदों को स्थायी भर्ती से भरा जाए। स्कीम वर्करों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देकर उन्हें पक्का किया जाए तब तक उन्हें न्यूनतम वेतन 26 हजार दिया जाए। लखीमपुर खीरी के किसानों को न्याय दिया जाए। मजदूरों को गुलामी में धकेलने वाले चार लेबर कोड रद्द करके पुराने श्रम कानूनों की बहाली की जाए। सेना भर्ती के लिए बनाई गई अग्निवीर योजना रद्द की जाए। नई पैंशन स्कीम बंद करके पुरानी पैंशन स्कीम को बहाल किया जाए। सरकारी क्षेत्र के निजीकरण पर रोक लगाई जाए। बाढ़ व अन्य आपदाओं में हुए किसानों के नुकसान का मुआवज़ा दिया जाए।

# पुलिस ने अदालत द्वारा भगौड़ा आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** हथीन थाना पुलिस ने पिछले 9 साल से फरार व अदालत द्वारा भगौड़ा एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी को स्थानीय अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है। उक्त जानकारी देते हुए हथीन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर छत्रपाल ने बताया कि थाना में तैनात एएसआई सुभाष पुलिस टीम के साथ बराए क्राइम गस्त पड़ताल हथीन के जयंती मोड पर मौजूद था कि उन्हें गुप्त सूचना मिली कि शकिल उर्फ नक्ची निवासी गुण्डवास थाना हसनपुर जिला पलवल मु. न. 385 दिनांक 17.12.15 धारा 429,420,34 आईपीसी थाना हथीन में माननीय अदालत श्रीमती मीनू एसडीजेएम हथीन की अदालत से दिनांक 20 अप्रैल 2019 को पीओ घोषित किया हुआ है।जोकि इस समय पलवल जाने के लिए बस स्टेंड हथीन पर किसी सवारी के इंतजार मे खडा है। जिसने नीले रंग की जिन्स व स्लेटी रंग की जाकेट पहनी हुई है। यदि फौरन रैड की जाए तो काबू आ सकता है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही एएसआई सुभाष ने पुलिस टीम के साथ बताए गए स्थान पर दबिश तो उक्त आरोपी पुलिस पार्टी को देखकर तेज-तेज कदमों से चलने लगा। जिसे पुलिस टीम ने दौड़कर काबू किया और उसका नामपता पूछा तो उसने अपना नाम शकिल उर्फ नक्ची निवासी गुण्डवास थाना हसनपुर जिला पलवल बतलाया। जो आरोपी उपरोक्त ने माननीय अदालत के आदेशो की अवहेलना करके मु. न. 385 दिनांक 17 दिसंबर 2015 धारा 429,420,34 आईपीसी थाना हथीन में अपनी जमानत कराकर अदालत में तारीखों पर हाजिर ना होकर जुर्म जैर धारा 174 एक आईपीसी का किया है। उन्होंने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर उसका मेडिकल परीक्षण कराकर स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। उल्लेखनीय है कि उक्त आरोपी अपने अन्य साथियों के साथ 17 दिसंबर 2015 को हथीन थाना अंतर्गत गांव लखनाका के खेतों में बंद भट्टा के पास ऊंटों को काट रहे थे। जिस सूचना पर पुलिस ने वहां पर छापा मारा तो उक्त सभी आरोपी मौका से अपनी अपनी गाड़ियों को छोड़कर भाग गए थे। पुलिस ने मौके पर लगभग 80 – 90 ऊंटों को कटा हुआ पाया तथा एक दस टायरा ट्रक , एक पिकअप गाड़ी बरामद की थी। जांच करने पर पता चला कि बरामद गाड़ियों की नंबर प्लेट फर्जी थीं। इस सन्दर्भ में हथीन थाना पुलिस ने 420, 429 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने उक्त आरोपी सहित कई आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जिसमें उक्त आरोपी जमानत कराने के पश्चात अदालत में तारीखों पर पेश नहीं हुआ। जिसके अदालत ने उक्त आरोपी को 20 अप्रैल 2019 को भगौड़ा घोषित कर दिया था। जांच अधिकारी एएसआई नेपाल सिंह ने बताया कि इस मामले में शामिल अन्य आरोपियों की भी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग वासो की टीम द्वारा जल जीवन मिशन के तहत जल संरक्षण को लेकर एक सेमिनार का आयोजन किया गया

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**होडल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलिका में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग वासो की टीम द्वारा जल जीवन मिशन के तहत जल संरक्षण को लेकर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती रजनीश कुमारी ने की और उन्होंने बताया कि पृथ्वी पर जल के बिना हमारा जीवन संभव नहीं है इसलिए हमें जल का सदुपयोग करना चाहिए।

खंड समन्वयक मंजू रानी ने बताया कि जल जीवन मिशन केंद्र व राज्य सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है जिसके तहत प्रत्येक घर में पीने का शुद्ध जल उपलब्ध कराना है और हर घर को नल के माध्यम से जल देना है। पानी का उतना ही प्रयोग करना चाहिए जितना की हमें जरूरत है। उन्होंने बताया कि पृथ्वी पर शुद्ध जल केवल 3% ही बचा हुआ है इसका सदुपयोग करना चाहिए।




खंड समन्वयक संजय कुमार ने बच्चों को पानी की गुणवत्ता जांच करने के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वे एफटीके किट के माध्यम से अपने पानी की स्वयं जांच कर सकते हैं।

इस मौके पर अध्यापिका सविता देवी, अनीता देवी, मीनू, अशोक कुमार, जगदीश, राजेश कुमार, सुभाष चंद्र उपस्थित थे।

# जीवन है अनमोल ट्रैफिक नियमों का पालन कर अपना एवं दूसरों के जीवन को करें सुरक्षित : एसपी डॉ अंशु सिंगला



**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**होडल।** सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करने को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक डॉ अंशु सिंगला के नेतृत्व में जिला पुलिस की विभिन्न टीमों ने स्पेशल चैकिंग अभियान चलाया है। इस दौरान पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत नियमों के उल्लंघन करने पर वाहन चालकों के मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान कर वाहन चालकों को ट्रैफिक व लेन ड्राइविंग नियमों का पालन करने के बारे में जागरूक किया। ब्लैक फिल्म प्रयोग कर रहे कार चालकों की ब्लैक फिल्म भी हटाई गई। इस अभियान के दौरान पुलिस ने वाहनों की चेकिंग के साथ-साथ संदिग्धों की तलाशी भी ली। चैकिंग के दोरान हाईवे पर नाकाबंदी कर आने – जाने वाले वाहनों और संदिग्ध दिखने वाले व्यक्तियों से पूछताछ की गई। इस अभियान में एडिशनल एसपी मयंक मिश्रा आईपीएस,डीएसपी हेड क्वार्टर नरेश कुमार, डीएसपी होडल कुलदीप सिंह, डीएसपी दिनेश यादव सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले लंबे समय से पलवल पुलिस लोगों को ट्रैफिक नियम पालन करने के लिए जागरूक कर रही है। लेकिन लोग नियमों का पालन नहीं कर रहे। इसलिए पुलिस को चालान काटने पड़ रहे हैं। पुलिस की ओर से नाकाबंदी लगाकर वाहनों की जांच की जा रही है। सबसे अधिक ध्यान वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने वालों पर है। इसके अतिरिक्त बिना नंबर की बाइकों व पटाके बजने वाले बुलेट मोटर साइकिल पर ध्यान दिया जा रहा है। ऐसे वाहनों को सीज भी किया जा रहा है। लोगों को भी पुलिस की ओर से अपील की जा रही है कि वह अपने वाहनों के सभी दस्तावेज साथ रखें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल ना करें। रेड लाइट जंप ना करें। अंडर ऐज बच्चों को वाहन चलाने के लिए ना दें। ट्रैफिक नियमों का पालन करें और सुरक्षित रहे। पुलिस अधीक्षक डॉ अंशु सिंगला ने कहा कि इस चैकिंग अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन के सफर को सुरक्षित करना है। वाहन चालकों से अपील है कि सीमित गति में वाहन चलाए, ट्रैफिक नियमों व लेन ड्राइविंग का पालन करे, रॉन्ग पार्किंग न करे। सुरक्षित चले, सुरक्षित रहें। ट्रैफिक नियमों का पालन कर अपना एवं दूसरों के जीवन को सुरक्षित करें। वही अपराधिक प्रवृति के व्यक्तियों पर लगाम कसने के लिए अभियान चलाया गया।

# क्राइम ब्रांच ने एक युवक को देशी कट्टा सहित किया अरेस्ट



**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** क्राइम ब्रांच (एवीटी) हथीन की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर गोहपुर गांव से एक युवक को देशी कट्टा सहित गिरफ्तार किया है। उक्त जानकारी देते हुए क्राइम ब्रांच हथीन के इंचार्ज दीपक गुलिया ने बताया कि स्टाफ में तैनात हेड कांस्टेबल यशवीर टीम के साथ बराए क्राइम गस्त पड़ताल उटावड – हथीन रोड पर मोजूद था कि उन्हें विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली कि आसिफ खान उर्फ़ भिच्चू निवासी पाटा जिला अलवर राजस्थान जो अपराधी किस्म का व्यक्ति है तथा अपने पास अवैध हथियार रखता है। जोकि इस समय गांव गोहपुर में गुराकसर रोड मोड़ पर कहीं जाने के लिए सवारी के इंतजार में खडा हुआ है। जिसने नीले रंग की गर्म जैकेट तथा नीले रंग की जींस पेंट पहन रखी है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही हेड कांस्टेबल यशवीर ने स्टाफ की टीम के साथ बताए गए स्थान पर रैड की तो उक्त युवक पुलिस टीम को आता देख भागने लगा। जिसे स्टाफ के जवानों ने दौड़कर काबू किया। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम आसिफ उर्फ़ भिच्चू निवासी पाटा थाना नौगांव जिला अलवर राजस्थान बतलाया। उन्होंने बताया कि काबू किए गए आरोपी की तलाशी लेने पर उसकी पैंट से एक देशी कट्टा बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर हथीन थाना में उसके खिलाफ शस्त्र अधिनियम की धारा 25/54/59 के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल अशोक ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी को पूछताछ के उपरांत मेडिकल परीक्षण कराकर स्थानीय अदालत में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# गांव सौंध के राजकीय विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**होडल।** गांव सौनहद स्थित राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सेवानिवृत्त हिंदी अध्यापक नत्थीराम सौरोत मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय मुख्याध्यापक भगवान सिंह सौरोत की तथा मंच संचालन फतेहराम शर्मा ने किया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि नत्थीराम सौरोत, भगवान सिंह सौरोत,काजल आठवीं, हेमलता, लक्ष्मी,काजल सातवीं, निधि , बिजेंद्र सिंह महलावत, कमल सिंह टीना, भूमिका, हिमांसी, निशा, प्रियंका,नारायण सिंह, सुरेश चंद आदि अध्यापकों व बलकेश , कैलाशी, भावना, रामा, चंदनसिंह, सुमेर सिंह आदि द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समारोह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा कविता पाठ, वाद विवाद प्रतियोगिता, चित्र कला, रंगोली, खबर बनाना, पुराने अखबारों की खबरें इकी करना, अभिभावकों से कहानी सुनना आदि विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की। जिनमें विजेता सभी छात्राओं को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्याध्यापक सौरोत ने कहा कि हिंदी पठन मेला का आयोजन विद्यार्थियों में हिंदी के प्रति लगाव पैदा करता है।

## संपादकीय

# भारत की बड़ी जीत

भारत के आठ पूर्व नौसेना कर्मियों का कतर की जेल से रिहा होकर सुरक्षित स्वदेश लौटना निश्चित रूप से भारत की एक बड़ी कूटनीतिक कामयाबी है। इन लोगों को पिछले साल कतर की एक अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी, जिसके बाद यह मामला सुर्खियों में आया था।

**आरोप नहीं बताए गए :** यह मामला शुरू से रहस्यमय इस मायने में भी था कि कभी इससे जुड़े तथ्य सामने लाए ही नहीं गए। जब भारत के आठ पूर्व नौसेना कर्मियों को कतर की अदालत द्वारा फांसी की सजा दिए जाने की खबर आई तो सबका ध्यान इस तरफ गया। लेकिन किसी को पक्के तौर पर पता ही नहीं था कि फांसी की सजा क्यों दी गई। इन पर लगे आरोपों को कभी सार्वजनिक नहीं किया गया। सूत्रों के हवाले से अपुष्ट खबरों में यह जरूर कहा जा रहा था कि उन पर इस्राइल को संवेदनशील सूचनाएं देने का आरोप है। लेकिन चूंकि आरोप सार्वजनिक नहीं हुए, इसलिए यह भी पता नहीं चला कि उनके खिलाफ किस तरह के सबूत पेश किए गए।

**कूटनीतिक चुनौती :** ऐसे में भारत सरकार का काम खासा चुनौतीपूर्ण था। जहां देश के अंदर इन पूर्व नौसेना कर्मियों के लिए सहानुभूति थी, वहीं यह समझना भी मुश्किल नहीं था कि कथित आरोपों की गंभीरता को देखते हुए और खासकर इस्राइल का एंगल होने की वजह से कतर के लोगों के लिए भी यह मसला खासा संवेदनशील हो सकता था। जाहिर है, इस बारे में भी कोई ठोस नतीजा निकालना मुश्किल था कि अगर इनके खिलाफ किसी तरह की साजिश है तो वह किस स्तर पर और किन लोगों के जरिए की गई है। स्वाभाविक ही विदेश मंत्रालय ने किसी तरह की बयानबाजी में पड़ने के बजाय इसे आपसी समझदारी से सुलझाने का फैसला किया।

**सर्वोच्च स्तर पर संपर्क :** कतर और भारत के बीच बहुत अच्छे रिश्ते रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी के बीच पर्सनल केमिस्ट्री भी अच्छी मानी जाती रही है। इसलिए कानूनी उपायों के साथ-साथ इन चैनलों का भी इस्तेमाल करना बेहतर माना गया। इन बहुस्तरीय प्रयासों का पहला बड़ा नतीजा तब दिखा जब COP 28 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई दोनों नेताओं की मुलाकात के बाद अपीलीय न्यायालय ने इन सबकी फांसी की सजा को कम कर दिया।

**साख बढ़ी :** उसी समय से यह उम्मीद बनने लगी थी कि अब कुछ समय में दोनों सरकारों की रजामंदी से इन कैदियों को स्वदेश भेजने की व्यवस्था हो सकती है। बहरहाल, इसमें संदेह नहीं कि भारत सरकार और खासकर विदेश मंत्रालय ने इस मसले को जितनी गंभीरता और कुशलता से निपटाया, उससे न केवल देश की साख बढ़ी है बल्कि यह विश्वास भी मजबूत हुआ है कि भारत सरकार दुनिया में कहीं भी मुसीबत में फंसे अपने नागरिकों का साथ नहीं छोड़ती।

# मित्तल क्लासेज के स्टूडेंट्स जेईई मेन परीक्षा में फिर रचा इतिहास



सिटी 24 न्यूज/हेमलता

**पलवल।** मंगलवार को एनटीए द्वारा घोषित जेईई मेन परीक्षा में मित्तल क्लासेज़ के स्टूडेंट्स ने एक बार फिर पलवल जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। इस अवसर पर सभी सफल स्टूडेंट्स व उनके अभिभावकों को संस्था द्वारा फूलमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद (माधव शाखा) के अध्यक्ष गुलशन गोयल व बी.के स्कूल के चेयरमैन सतीश कौशिश रहे। इस अवसर पर मित्तल क्लासेस के चेयरमैन राजेंद्र मित्तल, संस्थापक गौरव मित्तल, एमडी डॉ. ललित मित्तल व सभी अध्यापक मौजूद रहे। इस मौके पर सभी अभिभावक अपने बच्चों की सफलता पर काफी खुश दिखाई दिए और उन्होंने इस सफलता पर मित्तल क्लासेज़ के सभी अध्यापकों का धन्यवाद किया। छात्र हिमांशु गर्ग ने बताया कि उसका सपना इस परीक्षा को पास करके आईआईटी से इंजीनियरिंग करना है। हिमांशु गर्ग ने बताया कि पहले तैयारी के लिए दिल्ली व कोटा जाना पड़ता था लेकिन मित्तल क्लासेस पर आईआईटियन फैकल्टीज के साथ तैयारी करना बहुत आसान हो गया है। छात्र यश अग्रवाल ने बताया कि पलवल में ही रहकर तैयारी करने से सबसे अधिक समय की बचत हुई जिसका सही उपयोग मैंने अपनी सेल्फ स्टडीज में लगाया। संस्थापक गौरव मित्तल ने बताया कि मित्तल क्लासेज़ के 4 छात्रों ने 99 प्रतिसत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं व 25 स्टूडेंट्स ने 90 प्रतिसत से अधिक अंक हासिल किए है। हिमांशु गर्ग ने 99.80 प्रतिसत के साथ टॉप किया है। इसी के साथ यश अग्रवाल ने 99.78 प्रतिसत, अरुण चौहान ने 99.11, नियंत ने 99, शिवम शर्मा ने 98.7, कोमल वशिष्ठ ने 98.18, प्रतीक तेवतिया ने 97.75, निखिल तंवर ने 97.64, कैलाश ने 97.43 व आदित्य शर्मा ने 96.51 प्रतिसत अंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। मित्तल क्लासेस के चेयरमैन राजेंद्र मित्तल ने कहा कि यह परिणाम स्टूडेंट्स व शिक्षकों की निरंतर मेहनत और अभिभावकों के योगदान से ही संभव हो पाया है। हमारी टीम सदैव इसी तरह पूरी मेहनत और लगन के साथ क्षेत्र के विकास के लिए यह कार्य करती रहेगी। उन्होंने इस सफलता के लिए सभी शिक्षकों की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

# पलवल में युवक के मुंह में डाला तेजाब हालत गंभीर

सिटी 24 न्यूज/हेमलता

**पलवल।** पलवल में चांदहट थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक के मुहूँ के अंदर उसके साथियों द्वारा तेजाब डाला गया जहां युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। युवक मुहूं से कुछ भी नही बोल पा रहा है। युवक ने कागज पर लिखकर मुहुं में तेजाब डालने वाले लोगों के नाम बताए। चांदहट थाना पुलिस ने युवक की शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। यह पलवल के सरकारी अस्पताल में दिखाई दे रहा यह युवक दीपक है जो गंभीर रूप से घायल है। इसके मुहूँ के अंदर इसके साथियों ने तेजाब डाल दिया है जिसकी वजह से इसके मुहूं में छाले पड़ गए हैं और सारा मुहूँ अंदर जल गया है। यह बोल नही सकता है इसके साथ हुई घटना के बारे में दीपक ने कागज पर लिखकर बताया है की इसके साथ किन किन लोगों ने तेजाब डाल कर इसकी यह हालत बनाई है। घायल दीपक ने पिता नंद किशोर ने जानकारी देते हुए बताया कि उसका बेटा दीपक पड़ोस के ही एक युवक के साथ बाइक पर बैठकर गया था। लेकिन यह पूरी रात उनके साथ रहा और वह दीपक के घर आने का रात भर इंतजार करते करते रहे। जहां इसके तीन-चार साथियों ने इसको चांदहट थाना क्षेत्र के अंतर्गत शराब पिलाई और इसको बेहोशी का इंजेक्शन दिया गया और उसके बाद इसके मुंह के अंदर तेजाब डाल दिया गया। जिससे इसके पूरे मुहूँ में अंदर तक छाले पड़ गए हैं और पूरा मुंह अंदर से जल गया है। घायल के पिता ने बताया कि यह मुंह से कुछ भी बोल नहीं बोल सकता है इसको पलवल के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। चांदहट थाना की पुलिस अस्पताल पहुंची और पुलिस को उसके घायल बेटे ने कागज पर लिखकर घटना के बारे में बताया और आरोपियों के नाम भी दिए। नंदकिशोर ने कहा कि उन्होंने पुलिस को आरोपियों के नाम सहित शिकायत दे दी है और पुलिस का कहना है कि जैसे ही यह दीपक सही हो जाएगा और उसके बाद अपने बयान देगा तो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और घायल दीपक को इंसाफ दिया जाएगा। पलवल जिले में हुई इस घटना से लोग बड़े सदमे में है कि किस तरह से आरोपियों ने दीपक के मुंह में तेजाब डालकर इसके मुंह को जला दिया है यह अपने मुंह से कुछ भी बोल नहीं पा रहा है। अभी दीपक की हालत गंभीर बनी हुई है अब देखना है कि दीपक कब तक बोल पाता है और पुलिस आरोपियों के खिलाफ कब तक कार्रवाई करती है।

# पुलिस टीम ने 6.10 ग्राम स्मैक सहित एक आरोपी को किया गिरफ्तार




सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

**होडल।** जिला पुलिस अधीक्षक डॉ० अंशु सिंगला, आईपीएस द्वारा जिला पुलिस को नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हुए हैं इसी कड़ी में कार्य करते हुए एंटी नारकोटिक्स सेल होडल ने एक तस्कर को स्मैक मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। एंटी नारकोटिक्स सेल होडल प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार ने बताया कि दिनांक 12 फरवरी 2024 को उनकी टीम में तैनात एएसआई महानन्द के नेतृत्व में टीम नशा गतिविधियों पर रोकथाम हेतु थाना मुंडकटी क्षेत्र अंतर्गत गांव बंचारी मौजुद थे जहां उन्हें विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक जो नशीला पदार्थ स्मैक बेचने का काम करता है। जो आज भी गांव बंचारी से सोंध रोड नजदीक सरकारी स्कूल स्मैक बैचने आएगा। सूचना के आधार पर टीम ने बिना किसी देरी के मौका पर दबिश देकर युवक उक्त को काबु किया। काबू किए गए युवक उपरोक्त की नोडल अफसर श्री कुलदीप सिंह डीएसपी होडल के समक्ष नियमअनुसार तलाशी मे युवक से मिली प्लास्टिक पन्नी के अन्दर नशीला पदार्थ 6.10 ग्राम स्मैक मिली। बरामद मादक पदार्थ को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत थाना मुंडकटी में मामला पंजीबद्ध किया गया। आगामी जांच इकाई द्वारा आरोपी से बरामद मादक पदार्थ के स्त्रोत बारे गहनता से पूछताछ जारी है। आरोपी को आज पेश अदालत किया जाएगा।

# पीसी पीएनडीटी एक्ट की समस्त हिदायतों का अनुपालन किया जाए सुनिश्चित




## टीम नियमित रूप से करती है सभी निजी हस्पताल, क्लीनिक व सरकारी अस्पतालों में निरीक्षण

## पीएनडीटी की मासिक बैठक हुई सम्पन्न, सदस्यों ने विभिन्न बिंदुओं पर किया गया विचार-विमर्श

सिटी 24 न्यूज/हेमलता

**पलवल।** सिविल सर्जन कार्यालय में मंगलवार को उप सिविल सर्जन एवं पीसी पीएनडीटी के जिला पलवल के नोडल अधिकारी डा. प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में प्रसव पूर्व लिंग जांच पीएनडीटी की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला सलाहकार समिति पीसी पीएनडीटी के सदस्यों में नागरिक हस्पताल पलवल की ग्यानाकोलोजिस्ट डा. कृतिका तंवर, माइक्रोबॉयोलोजिस्ट डा. सरफराज, बाल रोग चिकित्सक डा. वासुदेव, सौमार्थ एनजीओ से राकेश, पलवल डोनर क्लब से अल्पना मित्तल मौजूद रहे। पीसी पीएनडीटी की मासिक बैठक में सुखराम हॉस्पिटल पलवल के नजदीक स्थित गुप्ता अल्ट्रासाउंड का पीएनडीटी की गाईडलाईन के अंतर्गत सर्टिफिकेट का नवीनीकरण करने, स्वास्थ्य विभाग हरियाणा के निदेशालय के दिशा-निर्देशानुसार नागरिक अस्पताल पलवल में मौजूद सील्ड अल्ट्रासाउंड मशीन नामत: इथ्रीरॉली टिनी 16ए मॉडल की सुराभी यूएसजी मशीन को प्रोब सहित जिला कैथल के उपमंडल नागरिक अस्पताल गुलहाना में शिफ्ट करने, गुरुनानक हस्पताल में डा. प्रियंका का नाम हटाकर एमडी रेडियोलोजी डा. निशांत राज व डा. हिमांशु अरोड़ा का नाम इको के लिए जोडने. के बारे में विचार-विमर्श किया गया। बस अड्डा पर स्थित तिरुपति डायग्नोस्टिक एंड लैब्स में डा. रविकांत कौशिक का नाम जोडने. व रवि शंकर का नाम हटाने और जय डायग्नोस्टिक सेंटर पलवल में डा. प्रियंका का नाम जोडने. के लिए विचार-विमर्श किया गया। हार्ट हॉस्पिटल पलवल (ए यूनिट ऑफ एसएस हैल्थ एंड मल्टीस्पैशलिटी प्राइवेट लिमिटेड) के नए पीएनडीटी सेंटर रजिस्ट्रेशन के लिए किए गए आवेदन तथा पीएनडीटी एक्ट के तहत नई अल्ट्रासाउंड मशीन खरीदने के बारे में समिति के सदस्यों द्वारा विचार विमर्श किया। इसके अलावा नियमित निरीक्षण के समय पर सभी निजी हस्पतालों, क्लीनिक व नागरिक अस्पताल को उनकी कमियों को दूर करने व सभी चिकित्सों को पीसी पीएनडीटी एक्ट में निहित समस्त हिदायातों के अनुरूप कार्य करते हुए एक्ट का अनुपालन सुनिश्चित करने के दिशा-निर्देश दिए गए। समय-समय पर किए गए निरीक्षण में समस्त निजी हस्पतालों, क्लीनिक व सरकारी अस्पताल के चिकित्सकों को सख्त हिदायत दी गई कि पीसी पीएनडीटी कार्य में कोई भी कमी पाए जाने पर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# शहीद भगत सिंह की पुण्यतिथि व बसंत पंचमी के उपलक्ष में लगाया रक्तदान शिविर



सिटी 24 न्यूज/हेमलता

**पलवल।** शहीद भगत सिंह की पुण्यतिथि व बसंत पंचमी के उपलक्ष में द्वीप स्वीट्स के निकट सरपंच पार्किंग ग्रुप के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।लाइफलाइन चेरिटेबल ब्लड सेंटर द्वारा आयोजित ब्लड डोनेशन कैम्प में यूनिट 51 रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान शिविर के संयोजक पलवल नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन कंवर रमेश, नंदकिशोर डागर ने बताया कि रक्तदान महान दान है हर किसी को कम से कम तीन महीने में रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान कर हम किसी को जीवनदान दे सकते हैं। इस मौके पर डॉ. राहुल बत्रा, किरनपाल सरपंच, हर्ष भारद्वाज, संजू सरपंच, संजू ठाकुर, लक्ष्य शर्मा, गुलशन कौशिक, पारश शर्मा, मन्नू भारद्वाज, गोपी शर्मा, सचिन राणा, सुरेंद्र डागर, संजय कुंडू, भोला पंडित, तस्वीर देशवाल, अजय भारद्वाज सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब पलवल संस्कार द्वारा निशुल्क स्तन कैंसर जांच शिविर लगाया गया



सिटी 24 न्यूज/हेमलता

**पलवल।** रोटरी क्लब पलवल संस्कार द्वारा नमस्ते नेशन रेस्त्रा पर निशुल्क स्तन कैंसर जांच शिविर लगाया गया जिसकी अध्यक्षता क्लब के प्रधान योगेंद्र गोयल ने की। इस मौके पर प्रोजेक्ट के चेयरमैन क्लब के संस्थापक सचिन जैन व को-चेयर रचित सिंगला भी मौजूद रहे। इस कैंप में 19 महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस अवसर पर क्लब के प्रधान योगेंद्र गोयल ने कहा कि हम ऐसे कैंप समय-समय पर लगाते रहते हैं जो भी महिलाएं 40 साल से अधिक उम्र की हैं उन्हें 2 साल में एक बार यह जांच जरूरी करानी चाहिए। क्लब के सचिव व नगर परिषद के पूर्व पार्षद मोहित गोयल ने बताया की कैंसर बहुत भयानक बीमारी है जिसका इलाज समय रहते संभव है लेकिन फिर भी हम लोग इसकी जांच कराने में डरते हैं। हमें अब डरना नहीं है समय-समय पर जांच करानी चाहिए। इस अफसर सचिन जैन, मोहित गोयल, चिराग गुप्ता, साक्षी गुप्ता, रचित सिंगला, सृष्टि सिंगला, अंशुल मंगला, ममता गुप्ता,रंजना गुप्ता, मोना गोयल, पूजा मोना, शीला देवी, रचना गर्ग विशेष रूप से मोजूद थे।

# होडल में हरियाणा यूपी बॉर्डर पर किसानों के लिए बिछाई कीलें

सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

**होडल।** होडल में किसान आंदोलन को लेकर जिला पुलिस प्रशासन द्वारा हरियाणा यू पी करमन बॉर्डर को सील कर दिया गया है इतना ही नही बॉर्डर पर किसानों को देहली जानें से रोकने के लिए कांटे दार कीलें और जाल लगा दिए गए हैं। बॉर्डर पर आंसू गैस के गोले छोड़ने वाली गाड़ी और पानी की बौछार छोड़ने के लिए दमकल की गाड़ियों को तैनात किया गया है। लेकिन हरियाणा यू पी करमन बॉर्डर पर आज एक भी किसान नही पहुंचा है लेकिन पुलिस बल भारी मात्रा में मौजूद है। किसान आंदोलनकारियों को देहली में जाने से रोकने के किए होडल में नेशनल हाईवे 19 पर हरियाणा यू पी करमन बॉर्डर को पूरी तरह से सील कर दिया गया है। इतना ही नहीं पुलिस ने किसानो को रोकने के लिए कांटेदार जाल बिछाए हैं और किले लगा दी गई हैं। बॉर्डर पर पुलिस के 250 जवानों को तैनात किया गया है। बॉर्डर पर 24 घंटे पुलिस के जवानों की ड्यूटियां लगाई गई हैं ताकि किसान देहली में प्रवेश नही कर सके। पुलिस द्वारा बॉर्डर पर बेरीगेट और सीमेंट के पिलरों के साथ साथ बड़े बड़े कंटेनरों को लगा दिया गया है ताकि किसानों को देहली जानें से रोका जा सके। होडल डी एस पी कुलदीप सिंह ने कहा की उनके उच्च अधिकारियों के आदेश पर हरियाणा यू पी करमन बॉर्डर को पूरी तरह से सील कर दिया है। उन्होंने बताया की किसानों के दिल्ली कूच को लेकर बॉर्डर को सील किया गया है। किसी भी सूरत में किसानों को हरियाणा और देहली प्रवेश नही होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा की जो भीं ट्रेक्टर ट्राली में बैठकर या गाड़ियों में बैठकर लोग आ रहे हैं उन सभी की चेकिंग की जा रही बिना चेकिंग किए किसी भी वाहन को नही जाने दिया जा रहा है। उन्होंने कहा की किसी भी सूरत में कानून तोड़ने वालों को बक्सा नही जाएगा और जिला उपायुक्त द्वारा धारा 144 लगाई गई है। उन्होंने कहा की जो रास्ते यू पी की तरफ से हरियाणा में आते हैं उन सभी रास्तों पर 24 घंटे के किए पुलिस के नाके लगाए गए हैं। लेकिन पुलिस के भय की वजह से करमन बॉर्डर पर एक भी किसान नही पहुंचा है।

# विद्यार्थियों से होती है विद्यालय की पहचान : डॉ. मिश्रा

## आरोही मॉडल स्कूल में हुआ विदाई समारोह



सिटी 24 न्यूज/सतीश खतरी

**सिवानी मंडी।** आरोही मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल सिवानी खेड़ा में ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों और समस्त विद्यालय परिवार की ओर से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया।इस विदाई समारोह को संबोधित करते हुए स्कूल प्रिंसिपल डॉ.संजय कुमार मिश्रा ने कहा कि छात्र-छात्राएं किसी भी स्कूल की सबसे बड़ी सम्पत्ति होते हैं और उनके बिना अध्यापक और विद्यालय कुछ भी नहीं है।सभी विद्यार्थी अपने आपको को इतना बुलंद करें कि वे भविष्य में अपना,अपने परिवार और स्कूल का नाम रोशन कर सकें।वे स्कूल से जाने के बाद जिस नए अध्याय की शुरुआत करने जा रहे हैं,उसमें अपनी अलग पहचान बनाएं।प्राचार्य ने सभी छात्र-छात्राओं के भावी जीवन में उज्ज्वल भविष्य एवं सफलता की कामना की तथा सभी से कर्म कौशल एवं कर्त्तव्य व्रती बनने का आह्वान किया।इस कार्यक्रम में सतीश आर्य विशिष्ट अतिथि के रूप में उपसथित हुए उन्होंने ने भी छात्र छात्राओं को नैतिकता का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि वे स्वयं के प्रति अपने परिवार,समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें तथा विद्यालय द्वारा सिखाए गए आदर्शों को ना भूलें।इस अवसर पर बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को उपहार और टाइटल देकर सम्मानित भी किया गया।सभी छात्र-छात्राओं ने गेम्स खेले तथा स्कूल में बिताये हुए पलों को याद करते हुए प्राचार्य और अध्यापकों का शुक्रिया अदा किया।इस मौके पर स्कूल स्टॉफ से रामधन,निशा,अंजू,मुकेश,विकास, संगीता,नरेंद्र व समस्त छात्र-छात्राएं उपसथित रहे।

# सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर शांति भंग करने के आरोप में एक नामजद

सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित

**कनीना।** सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर हुड़दंगबाजी करने के आरोप में कनीना सिटी थाना पुलिस ने एक व्यक्ति खिलाफ किसी दर्ज किया है थाना अध्यक्ष निरीक्षक कमल दीवाना ने बताया कि आर्य समाज मंदिर के पास एक व्यक्ति रास्ता सरेआम पर शराब पीकर शांति भंग कर रहा था जिससे राहगीर परेशान हो रहे थे पुलिस टीम ने काबू कर नाम पता पूछा तो आरोपी ने अपना नाम अभिमन्यु वासी वार्ड 5 बताया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में केस दर्ज कर छाणबीन शुरू कर दी है

# समर्पण राशि से जरूरतमंद बच्चों का जीवन स्तर सुधर रहा



सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां

**नूंह।** विद्या भारती हरियाणा से संबद्ध हिंदू विद्या निकेतन विद्यालय नूंह में समर्पण का कार्यक्रम में संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता विद्या भारती उत्तर क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र अत्री ने कहा कि विद्याभारती की ओर से विद्यार्थियों की समर्पण राशि से कई तरह के प्रकल्प चलाए जा रहे हैं, जैसे :- एकल विद्यालय व इस क्षेत्रों में शिक्षा का प्रसार करना जहां पर सुविधा की दृष्टि से प्रर्सथितियां बिल्कुल भी अनुकूल नहीं हैं। मा० अत्री ने बताया कि बचपन से ही छात्रों में दूसरों की मदद करने का भाव समर्पण का भाव जागृत करना चाहिए। जब छात्र किसी रूप में किसी वस्तु का समर्पण करता है तो उससे देने का भाव आता है। उन्होंने बताया, कि विद्या भारती जरूरतमंद बच्चों के जीवन स्तर में सुधार के लिए कार्य करती है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि विद्या भारती प्रतिवर्ष संपूर्ण भारत में समर्पण के कार्यक्रमों का आयोजन करती है। भारत के ऐसे क्षेत्र जहां पर आज भी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं है विद्या भारती समाज की मुख्यधारा से दूर रहने वाले पीड़ति, शोषित, वंचित, गिरिकंद्राओं में रहने वालों के लिए शिक्षा की व्यवस्था कर रही है। विद्या भारती उत्तर क्षेत्र के उपाध्यक्ष सुरेंद्र अत्रि, शैक्षिक मंत्री हि० शि० स० कुरुक्षेत्र, प्रधानाचार्य पृथ्वीराज कौशल , छात्र व समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के तहत 15 फरवरी को बच्चों व महिलाओं को खिलाएं एलबेंडाजोल टैबलेट : उपायुक्त



सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां

**नूंह।** 15वें राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन आगामी 15 फरवरी को किया जाएगा। भारत सरकार और एनएचएम, हरियाणा आगामी 15 वें डीवॉर्मिंग राउंड को संस्थान आधारित निश्चित दिन के दृष्टिकोण से लागू करने के लिए तैयार है। उपायुक्त धीरेन्द्र खडग़टा ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस 15 फरवरी को होगा और 20 फरवरी, 2024 को मोप-अप दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत एक से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को कृमि मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत 1-2 वर्ष के बच्चों के लिए एल्बेंडाजोल टेबलेट की खुराक आधा टैबलेट, 3-19 वर्ष के बच्चों के लिए एक टेबलेट, प्रजनन आयु वर्ग (20-24 वर्ष) वाली महिलाओं (गैर-गर्भवती और गैर-स्तनपान कराने वाली महिलाओं ) के लिए एक टेबलेट का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि बच्चों में आंतों के कृमि संक्रमण के सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरे को निपटाने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन व हरियाणा की ओर से 15 फरवरी, 2024 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। इसके बाद 20 फरवरी, 2024 को मोप-अप दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिला के सभी बच्चों को उनके समग्र स्वास्थ्य, पोषण संबंधी सथिति, संज्ञानात्मक विकास और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए कृमि मुक्ति उपचार प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि कुछ मामलों में, बच्चों को कृमि मुक्ति के बाद मतली, हल्का पेट दर्द, उल्टी, दस्त और थकान का अनुभव हो सकता है। ये दुष्प्रभाव आमतौर पर अस्थायी होते हैं और इन्हें आसानी से प्रबंधित किया जा सकता है। किसी भी प्रतिकूल घटना के लिए, राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के दौरान सभी जिलों में मजबूत और अच्छी तरह से तैयार आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली मौजूद होंगी। उन्होंने कहा कि जब पेट में कीड़े हो जाते हैं तो बच्चों में शारीरिक व मानसिक विकार आता है और बच्चों पर इसका गहरा हानिकारक असर पड़ता है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्कूलों में दवा देते समय यह सुनिश्चित करें कि शत-प्रतिशत बच्चों को कवर किया जाए। ईंट-भट्टों पर भी अभियान के तहत बच्चों को दवा दी जाए।

# बीपीएल परिवारों को स्वयं रोजगार स्थापित करने के लिए बैंकों के माध्यम से दिया जा रहा ऋण : उपायुक्त

सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां

**नूंह।** हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की ओर से अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को, जो गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं, बीपीएल परिवार को अपना स्वयं रोजगार स्थापित करने हेतु बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। उपायुक्त धीरेन्द्र खडग़टा ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना का लाभ उन पात्र परिवारों को मिलेगा जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में 1 लाख 80 हजार रुपये (परिवार पहचान पत्र अनुसार) से अधिक न हो, को बैंकों के माध्यम से 1 लाख 50 हजार रुपये तक का ऋण पशुपालन, किराना दुकान, मनिहारी दुकान, ब्यूटी पार्लर, ई-रिक्शा, सूअर पालन या अन्य कोई लाभप्रद योजना इत्यादि के लिए उपलब्ध करवाया जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि निगम द्वारा कुल लागत का 50 प्रतिशत (अधिकतम 10 हजार रुपये तक का अनुदान व 10 प्रतिशत मार्जिन मनी 4 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर उपलब्ध करवाया जाता है तथा बकाया ऋण बैंकों द्वारा दिया जाता है। इच्छुक आवेदनकर्ता निगम की वेबसाइट पर ऋण आवेदन फार्म भरकर संबंधित जिला कार्यालय में जमा करवाए जा सकते हैं। एक अन्य योजना के तहत हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की ओर से अनुसूचित जाति की महिलाओं को महिला समृद्धि योजना व सूक्ष्म ऋण योजना के तहत महिला व पुरुष दोनों को स्वरोजगार के लिए एक लाख रुपए का ऋण दिया जाता है। ऋण लेने के लिए आवेदनकर्ता की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा आवेदनकर्ता बेरोजगार होना चाहिए। उन्होंने बताया कि इन योजना के तहत बीपीएल परिवारों को 10 हजार रुपए की सबसिडी भी दी जाएगी। महिला समृद्धि योजना के तहत महिला सिलाई कार्य, किसी भी प्रकार की दुकान व डेयरी फार्मिंग के लिए ऋण ले सकती है। उन्होंने बताया कि निगम की तरफ से सूक्ष्म ऋण योजना के तहत भी दुकान व डेयरी पालन के लिए एक लाख रुपए का ऋण दिया जाता है।

# यूथ रैडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का समापन



सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां

**नूंह।** हरियाणा राज्य रैड क्रॉस सोसाइटी के सौजन्य एवम उपायुक्त कम अध्यक्ष धीरेंद्र खडग़टा तथा सचिव देवेंद्र चहल के कुशल मार्गदर्शन में जिला रैड क्रॉस सोसाइटी द्वारा शहीद लेफ्टिनेंट किरण शेखावत राजकीय महिला महाविद्यालय सालाहेड़ी के परिसर में आयोजित यूथ रैडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का आज मंगलवार को समापन हुआ। जिसमे जिले 5 महाविद्यालय पुन्हाना, फिरोजपुर झिरका, बिस्सर अकबरपुर, तावडू एवं सलाहेड़ी के 90 युवाओं ने हिस्सा लिया। शिविर के विधिवत समापन समारोह की अध्यक्षता जिला रैडक्रॉस सोसायटी देवेंद्र कुमार चहल ने को तथा राजकीय महिला महाविद्यालय सलाहेड़ी की प्रधानाचार्या डा. गीतिका ने बतौर मुख्य अतिथि रैड क्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी ड्यूना को माल्यार्पण एवम पुष्प अर्पित करते हुए किया। उन्होंने बताया कि किसी भी देश का भविष्य युवाओं के हाथों में होता है जिस देश का युवा जागरूक, सुदृढ़ एवं शक्तिशाली होगा वहां देश तरक्की करेगा। रैडक्रॉस सोसाइटी एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जो स्वास्थय, सेवा मित्रता के साथ-साथ मानवता, भेदभाव रहित, सार्वभौमिकता, स्वतंत्र, निष्पक्षता, तटस्थता, एकता, स्वेच्छिक सेवाभाव से तत्पर आमजन में जागरूकता के भाव जगाती है। रेडक्रॉस सचिव देवेंद्र कुमार चहल ने बताया कि शिविर में सभी प्रतिभागियों को रैड क्रॉस एवम रैड क्रॉस के इतिहास, मानव कल्याणकारी गतिविधियों सडक़ सुरक्षा- जीवन रक्षा, नशा है नाश की जड़, रक्तदान-जीवनदान, एच आई वी/एड्स, हेपेटाइटिस बी, सी, वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान, मोबाइल का प्रयोग, दुरुपयोग, नैतिक शिक्षा, युवाओं का समाज के लिए दायित्व, पर्यावरण संरक्षण, जल बचाओ, जीव रक्षा, फैलने वाली बीमारियों से बचाव, भारत सरकार के 2025 तक टी बी भारत के अभियान को सफल बनाना आदि विषयों पर जागरूक किया गया। प्रशिक्षण के दौरान आत्मविश्वास बढ़ाने तथा शारीरिक विकास हेतु भाषण एवम म्यूजिकल चेयर रेस प्रतियोगिता कराई गई। भाषण प्रतियोगिता में राजकीय महिला महाविद्यालय पुन्हाना की पूजा प्रथम, आशा द्वितीय, राजकीय महिला कॉलेज की काजल तृतीय एवम पायल को सांत्वना स्थान मिला वहीं म्यूजिकल चेयर रेस में राजकीय कॉलेज बिस्सर अकबरपुर से अंजली प्रथम, राजकीय महिला महाविद्यालय पुन्हाना से संगीता द्वितीय, राजकीय महाविद्यालय तावडू से आकाश तृतीय रहे। जिला प्रशिक्षण अधिकारी महेश मलिक ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर के दौरान सभी प्रतिभागियों के स्वास्थ्य की जॉच कराई तथा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया जिसमे 20 युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। जिला प्रशिक्षण अधिकारी नीतू सिंह ने सभी प्रतिभागियों को बेसिक फर्स्ट एड तथा किसी भी दुर्घटना के समय पीड़ित की सांसे न आने पर सी पी आर विधि के द्वारा पुन संचालित करने की प्रयोगतामक विधि का अभ्यास कराया। शिविर के सफल आयोजन में विभिन्न महाविद्यालयों से आए काउंसलर डॉ कविता यादव, डा. अदिती भोला, मनिंदर सिंह, शमीम अहमद एवम जिला रैडक्रॉस सोसायटी से सहायक राजेश शर्मा, लिपिक नरेश डागर, आरिफ, रौनक अली, वसीम आदि का सहयोग रहा।

# घासेड़ा के प्रतिनिधिमंडल ने इकराम उल हक को किया सम्मानित

## शिक्षा विभाग से 42 वर्ष के बाद हुए हैं सेवानिवृत



सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां

**नूंह।** जिला मौलिक शिक्षा कार्यालय नूह से हाल ही में 42 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत हुए कर्मचारी इकराम उल हक़ को उनकी बेहतरीन सर्विस के एतराफ में आज ऐतिहासिक गांव गांधी ग्राम घासेड़ा के एक प्रतिनिधि मंडल की तरफ से एजाज से नवाजा गया। औसाफ नंबरदार की अध्यक्षता में सालाहेडी गांव पहुंचे इस वफद में मास्टर मुहम्मद असलम, मास्टर साजिद हुसैन व समाजसेवी भाई खालिद मेवाती शामिल रहे। विदित रहे कि डीईईओ कार्यालय नूह में सेवादार के पद पर कार्यत इकराम उल हक़ गत 31जनवरी को 42 साल की खिदमत के बाद सेवानिवृत हो गए थे। जिसके सम्मान में शिक्षा विभाग नूह की तरफ से जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत सिंह चहल व उप जिला शिक्षा अधिकारी हयात खान की अध्यक्षता में लघु सचिवालय में एक शानदार तकरीब आयोजित की गई थी जिसमें तीनों कार्यालयों डीईओ, डीईईओ व डीपीसी समेत विभिन्न विभागों से सैंकडो कर्मचारियों ने शिरकत की थी। इसी कड़ी में आज आदर्श गांव गांधी ग्राम घासेड़ा के मोज़ज़ि लोगों की तरफ से इकराम उल हक़ को सम्मान दिया गया और खुशहाल जीवन के लिए दुवाओं से नवाजा। गौरतलब है कि 1982 में जिला सिरसा से अपनी सर्विस का आगाज करने वाले इकराम उल हक़ मूल रूप से बिहार के जिला सहरसा के रहने वाले हैं। ड्यूटी के प्रति वफ़ादारी व ईमानदारी की वजह से वो सभी अधिकारियों के चहेते रहे।

# आगामी 09 मार्च को आयोजित की जाएगी इस वर्ष की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत : सीजेएम कुनाल गर्ग

## राष्ट्रीय लोक अदालत में लंबित अधिक से अधिक केसों का किया जाएगा निपटान



सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां

**नूंह।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव कुनाल गर्ग ने बताया कि आगामी 09 मार्च 2024 को इस वर्ष की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। सीजेएम कुनाल गर्ग ने बताया कि 09 मार्च को आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक रिकवरी केस, लेबर डिस्प्यूट, बिजली व पानी बिल के संबंधी मामले, आपराधिक, वैवाहिक, दुर्घटना संबंधी, भूमि अधिग्रहण मामले तथा अन्य दावे संबंधी और अदालत में लंबित अधिक से अधिक केसों का निपटान किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिलास्तर के साथ-साथ उपमंडल स्तर पर सथित अदालतों में भी किया जाएगा।

# डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, नूंह में धूमधाम से मनाई गई महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती




सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां

**नूंह।** आर्य समाज के संस्थापक व महान समाज सुधारक स्वामी दयानंद सरस्वती के 200 वें जन्मदिवस को डी.ए.वी.पुलिस पब्लिक स्कूल पुलिस लाइंस,नूंह में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ हवन से किया गया। इसमें विद्यालय के छात्रों व शिक्षकों ने वेद मंत्रों से आहुतियां प्रदान की। इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों ने बहुत सुन्दर कविता व नाटक प्रस्तुत किया।विद्यालय के संस्कृत विभाग की ओर से ऋषि दयानंद सरस्वती को नमन करते हुए 'आर्यो के तुम हो प्राण ऋषि दयानंद तुम्हारा क्या कहना' भजन की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य बलवंत बिश्नोई ने महर्षि दयानंद सरस्वती के विषय में बताते हुए कहा कि उन्होंने आर्य समाज की स्थापना की। उन्होंने बताया कि इतिहास में कुछ दिन, कुछ क्षण, कुछ पल ऐसे आते हैं जो भविष्य की दिशा को ही बदल देते हैं। आज से 200 साल पहले दयानंद जी का जन्म ऐसा ही अद्भुत पल था ।यह वह समय था जब भारत के लोग गुलामी की जंजीरों में चेतना को खो रहे थे। ऐसे समय में स्वामी जी ने 'वेदों की ओर लौटो'का आह्वान किया। डी.ए.वी.संस्थान महर्षि दयानंद सरस्वती जी की एक जीती जागृति स्मृति है। इसी की एक शाखा 2016 में नूंह जिले में स्थापित की गई जो डी.ए.वी. पुलिस पब्लिक स्कूल के नाम से प्रगति के पथ पर अग्रसर है। इस अवसर पर हम इस महान विभूति को नमन करते हैं। व उनके पद चिन्हों पर चलने की शपथ लेते हैं।

# सोशल मीडिया पर ना डालें आपततिजनक पोस्ट वरना होगी सख्त कानूनी कार्रवाई

सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां

**नूंह।** पुलिस अधीक्षक नूंह ने आमजन को संदेश देते हुए कहा है कि सोशल मीडिया पर कोई भी व्यक्ति ऐसी पोस्ट ना डालें जिससे किसी की धार्मिक भावना को ठेस पहुंचती हो या धार्मिक सौहार्द को खतरा पैदा हो, और कहा कि किसी भी तरह की अमर्यादित भाषा किसी व्यक्ति विशेष, जाति, धर्म संप्रदाय को आहत करने की मंशा से पोस्ट के रूप में कोई भी वीडियो, फोटो या अभिलेख ना डालें । अगर किसी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा कोई भी आपततिजनक पोस्ट डाली गई तो उसके खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किसी भी प्रकार की कोई गलत अफवाह ना फैलाएं । अगर कोई भी सोशल मीडिया पर गलत अफवाह फैलाएगा या फिर किसी के धर्म, जाति आदि पर कोई गलत टिप्पणी करेगा तो उस पर पुलिस सख्त एक्शन लेगी । पुलिस सोशल मीडिया पर लगातार पैनी नजर बनाए हुए है । लोगों से भी अपील है कि समाज में आपसी भाईचारा बनाकर रखें और किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें । उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया का प्रयोग सहयोग, आपसी भाईचारे व सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए ही करें ।गलत कार्य करने वालों और शरारती तत्वों की सूचना तुरंत पुलिस को दें । आगे कहा कि यदि आपके आसपास कोई भी असामाजिक तत्व व संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दें तो उसकी सूचना संबंधित थाना या डायल 112 पर दें । सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

# हरियाणा श्रम विभाग श्रमिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध : उपायुक्त

सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां

**नूंह।** उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के कल्याणार्थ शुरू की गई नई पहल ई-श्रम पोर्टल को हरियाणा में मजबूती से लागू किया जा रहा है। इसके तहत श्रम विभाग ने असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का पंजीकरण फिर से शुरू किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा श्रम विभाग श्रमिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। असंगठित क्षेत्र के अंतर्गत कृषि, मजदूर, रेहड़ी-पटरी वाले, घरेलू कामगार और निर्माण श्रमिक आदि आते हैं। यह डिजिटल प्लेटफॉर्म असंगठित श्रमिकों को कल्याणकारी योजनाओं से जोडने.के लिए बनाया गया है। उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि ई-श्रम पोर्टल केवल एक डिजिटल मंच नहीं, बल्कि यह असंगठित कामगारों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार लाने की एक पहल है। अभी असंगठित श्रमिकों को बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, इसलिए उन्हें ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण के माध्यम से जोड़ा जा रहा है ताकि वे सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ ले सकें। उन्होंने सभी असंगठित श्रमिकों से आह्वन किया कि वे ई-श्रम पोर्टल पर अपना पंजीकरण जल्द से जल्द करवाना सुनिश्चित करें। श्रम विभाग द्वारा हरियाणा के सभी जिलों में ई-श्रम पोर्टल पर असंगठित कामगारों के पंजीकरण के लिए एक विशाल अभियान चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से प्रत्येक पंजीकृत श्रमिक को 12-अंकीय यूनिवर्सल खाता संख्या (यूएएन) दिया जाएगा जो श्रमिक के पूरे जीवनकाल के लिए वैध होगा। साथ ही श्रमिकों का कौशल मानचित्रण भी किया जाएगा जहां श्रमिक अपने हुनर की पूरी जानकारी रजिस्टर करेंगे, जिसकी मदद से नियोक्ता अपनी आवश्यकता अनुसार श्रमिकों को रोजगार प्रदान कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि कोई भी श्रमिक द्गह्यद्धह्ड्डद्व.द्द श1.द्बठ्ठ पर स्वयं पंजीकरण कर सकता है या निकटतम सामान्य सेवा केंद्र या सरल केंद्र पर जा सकता है। पंजीकरण के बाद श्रमिक अपनी जरूरत अनुसार स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य सामाजिक सुरक्षा जैसी योजनाओं का लाभ आसानी से ले सकते हैं। अब अप्रवासी श्रमिक भी श्रम विभाग में अपना पंजीकरण अवश्य करायें और विभाग द्वारा दी जा रही सभी योजनाओं का लाभ उठायें।

**श्रम पोर्टल पर कौन पंजीकरण कर सकता है :** उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि ई-श्रम पोर्टल पर छोटे और सीमांत किसान, खेतिहर मजदूर, बटाईदार, मछुआरे, पशुपालन के क्षेत्र में शामिल लोग, बीड़ी बनाने वाले, लेबलिंग और पैकिंग, भवन और निर्माण श्रमिक, चमड़े उद्योग के क्षेत्र में शामिल श्रमिक अपना पंजीकरण कर सकते हैं। साथ ही, बुनकर, बढ़ई, नमक श्रमिक, ईट भट्टों और पत्थर खदानों में काम करने वाले श्रमिक, श्रमिक आराघर, घरेलू कामगार, नाई, सब्जी और फल विक्रेता, समाचार पत्र विक्रेता, रिक्शा चालक, ऑटो चालक, रेशम उत्पादन श्रमिक, टेनरी श्रमिक, स्ट्रीट वेंडर, एमएनजीआर ए श्रमिक, आशा वर्कर्स , प्रवासी श्रमिक भी ई श्रम पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें। श्रम पोर्टल पर पंजीकरण करने की पात्रता मानदंडों के अनुसार श्रमिक की आयु 16-59 वर्ष के बीच होनी चाहिए। वह श्रमिक ईपीएफओ और ईएसआईसी का सदस्य नहीं होना चाहिए और न ही आयकर दाता नहीं होना चाहिए। श्रमिक अपने आधार नंबर, मोबाइल नंबर, आधार लिंक बैंक खाता इत्यादि से अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

# मनोहर' सरकार ने विधुर और अविवाहत पुरुषों के लिए शुरू की पेंशन स्कीम



सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां

**नूंह।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश के 40 वर्ष होने के बाद विधुर व 45 साल तक उम्र के अविवाहित पुरूषों को पेंशन देने की योजना बनाई है। जिला नूंह में 158 विदुर और अविवाहित पुरुष सरकार की योजना का लाभ उठा रहे हैं, जिन्हें तीन हजार रुपए मासिक पेंशन दी जा रही है। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला में 158 विधुर और अविवाहितों की हुई पहचान जिला में सामाजिक न्याय अधिकारिता, अनुसूचित जातियों एवं पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) विभाग द्वारा 158 विधुर और अविवाहितों को चिन्हित किया गया है। विधुरों व अविवाहितों को तीन हजार रुपए मासिक पेंशन दी जक रही है। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से 40 वर्ष तक की उम्र होने पर विधुर को पेंशन देने का प्रावधान किया गया है, बशर्तें परिवार पहचान पत्र में परिवार की आय 3 लाख से अधिक ना हो। इसी तरह ही 45 साल की उम्र होने पर अविवाहित को पेंशन देने का प्रावधान जोड़ा गया है । परिवार पहचान पत्र में उनके लिए वार्षिक आय की सीमा 1 लाख 80 हजार रखी गई है।

**योजना का लाभ के लिए ये अनिवार्यता जरूरी :** डीसी ने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से क्रियानवित विधुर व अविवाहित पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए विधुरों की श्रेणी में तीन लाख रुपये तक की सालाना आय वाले 40 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति पात्र होंगे। इसी तरह अविवाहित व्यक्तियों के मामले में वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपए से कम होनी चाहिए और आयु 45 वर्ष से अधिक हो। यह वित्तीय सहायता सीधे लाभपात्रों के खातों में दी जाएगी। विधुरों और अविवाहितों की आयु 60 वर्ष होने उपरांत उन्हें वृद्धावस्था सम्मान भत्ता का लाभ मिलेगा। यदि उक्त दोनों ही कैटेगरी के लाभार्थियों के जीवन में किसी भी प्रकार का परिवर्तन होता है तो लाभार्थियों को जिला समाज कल्याण विभाग इससे जुड़ी जानकारी से सूचित करना होगा। इसके अलावा अगर कोई लाभार्थी गलत सूचना देता है या किसी तथ्य को छुपाता है तो केवल उसी वक्त (जिस वक्त की गलत सूचना दी गई) की पेंशन को ब्याज सहित वापस लिया जाएगा।

# रेवाड़ी पुलिस ने महिला की हत्या करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार



**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के दिशा निर्देश में कार्य करते हुए थाना रामपुरा पुलिस ने ऑनलाइन हर्बल उत्पाद बिक्री का काम करने वाली महिला की हत्या के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जांचकर्ता ने बताया कि 02 फरवरी को पीवरा की ढाणी रेवाड़ी निवासी नरेन्द्र कुमार ने मोहल्ला हंस नगर रेवाड़ी निवासी एक महिला सविता पत्नी सुनील कुमार की गुमशुदगी का मामला थाना रामपुरा में दर्ज करवाया था। इसके बाद 03 फरवरी को महिला का शव गांव बिहारीपुर की बणी में मिला था। शव का ऊपरी हिस्सा व चेहरा कुत्तों द्वारा नोंचा हुआ था। नरेंद्र ने पुलिस को बताया कि मृतक सविता ऑनलाइन हर्बल उत्पाद बेचने का काम करती थी और 02 फरवरी को वह जिला चरखी दादरी के गांव सांवड निवासी अरुण कुमार के साथ गई थी। अरुण कुमार भी उसके साथ आनलाइन हर्बल उत्पाद का काम करता है। जिस पर थाना रामपुरा पुलिस ने इस मामले में हत्या की धारा ईजाद कर जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने सोमवार को मामले में आरोपी अरुण कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा पूछताछ में आरोपी अरुण कुमार ने बताया की वह भी ऑनलाइन हर्बल उत्पाद बेचने का काम करता है। उसकी जानकारी मृतक सविता से 19 अगस्त 2023 को काम के सिलसिले से लुधियाना में हुई थी। सविता ने उसको ऑफिस के लिए 01 लाख रुपये भी दिए थे जो उसने सविता को वापिस कर दिए थे। अब सविता उससे नरेन्द्र को देने के लिए 02 लाख रुपये उधार मांग रही थी। उसने 01 फरवरी को 50 हजार रुपये सविता को दे दिए थे। इसी दौरान सविता ने उसके मोबाइल पर कॉल की तो फोन उसकी पत्नी ने अटेंड किया। फोन पर सविता व उसकी पत्नी की कहासुनी हो गई। इसके बाद 02 फरवरी को उसने सविता को शेष रुपए अपने किसी परिचित से दिलाने के बहाने से रेवाड़ी रेलवे स्टेशन पर बुलाया तथा उसकी स्कूटी को गोपाल देव चौक पर खड़ी करवाकर उसने सविता को अपनी गाड़ी में बैठा लिया। महेंद्रगढ़ रोड पर कुछ दूर जाने के बाद उसका सविता के साथ उसकी पत्नी को फोन करने बारे झगड़ा हो गया। झगडे के दौरान उसने सविता की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी महिला का शव गांव बिहारीपुर की बणी में फेंककर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत कर पूछताछ के लिए तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

# मकान से मोबाइल, नकदी व आभूषण चोरी करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** अपराध शाखा-द्व रेवाड़ी इंचार्ज निरीक्षक सुमेर सिंह की टीम ने मकान से मोबाइल, नकदी व आभूषण चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांचकर्ता ने बताया की दुर्गा कलोनी झज्जर रोड रेवाडी व हाल किरायेदार न्यू आदर्श नगर रेवाड़ी निवासी कृष्ण कुमार ने अपनी शिकायत में बताया की दिनाक 27.01.2024 को वह अपने परिवार के साथ अपने भांजे के कुआ पूजन के कार्यक्रम में गया था। जब वह वापिस घर पर आया तो उसके घर का ताला टुटा हुआ था तथा घर के अन्दर सारा सामान इधर उधर बिखरा हुआ था। जो कोई नाम पता नामालूम व्यक्ति उसके घर से एक मोबाइल फोन, 22 हजार रुपये, घर में रखे आभूषण व अन्य सामान को चोरी करके ले गया है। जिस पर पुलिस ने थाना सदर रेवाड़ी में चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जो इस मामले में अपराध शाखा-द्व रेवाड़ी पुलिस ने सोमवार को मामले में दो आरोपी राजस्थान के जिला खैरथल की गुरुनानक कालोनी निवासी राम व पंजाब के जिला भगत सिंह नगर के गांव उधोमाल निवासी बलविन्द्र को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को पेश अदालत कर पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

# श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के राष्ट्रीय महामंत्री सोमाणी ने पीएम मोदी को भेजी ईमेल

**16 फरवरी को एम्स शिलान्यास पर ओपीडी व एमबीबीएस की क्लास चालू करने की रखी मांग।**

**पाकिस्तान को पानी न देने व एसवाईएल का निर्माण करने का भी किया आग्रह।**




**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** राष्ट्रीय नवचेतना मंच के राष्ट्रीय संयोजक और श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के राष्ट्रीय महामंत्री विजय सोमाणी ने मंगलवार को रेवाड़ी के सेंड पाईपर पर्यटन स्थल में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ईमेल के माध्यम से एक पत्र भेजकर माजरा एम्स के शिलान्यास की बधाई के साथ साथ कुछ सुझाव भेजे हैं। श्री सोमाणी ने बताया कि 2015 में मुख्यमंत्री हरियाणा द्वारा बावल में एम्स की घोषणा की गई थी। अब माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों द्वारा पूरी होने जा रही है। एम्स की सौगात देने पर हम उनका आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि एम्स के शिलान्यास अवसर पर ही रेवाड़ी जिले में किसी भी स्थान पर ओपीडी चालू करने के लिए व एमबीबीएस क्लास लगाने की भी घोषणा करें जो ऐसा जनहित में होगा। दूसरा दक्षिणी हरियाणा को सतलुज यमुना लिंक नहर (एसवाईएल) के पानी की बहुत आवश्यकता है जो कि माननीय सुप्रीम कोर्ट ने भी तीन बार भारत सरकार को कहा है कि अपने संसाधन लगाकर बची हुई एसवाईएल नहर का निर्माण पूरा करें। आपसे 7 जिलों के जनप्रतिनिधि व जनता को आशा व उम्मीद है कि आप उनके हक का पानी दिलाकर इलाके को कृतज्ञ करेंगे। एम्स के शिलान्यास के समय उद्बोधन में इसकी घोषणा करेंगे ऐसी आपसे अपेक्षा व आग्रह है। तीसरा सुझाव यह है कि हिमालय से पंजाब के रास्ते पाकिस्तान में पानी बह रहा है, वक्त के साथ इसकी भी समीक्षा करना जरूरी है। इस मौके पर उनके साथ सूरज चौहान, रामेहर यादव, सोनाली मेहंदीरता, मोनिका यादव, अजय सपडा, धर्मेंद्र बैरियावास आदि मौजूद रहे।

# सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का पूर्व मंत्री ने किया दौरा

**2019 में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पूरा होना था, अभी तक नहीं हुआ : कैप्टन अजय**



**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने आज बावल विधानसभा के गांव रामसिंहपुर ऑडी स्थित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का दौरा किया। दौरा करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कैप्टन अजय सिंह यादव ने बताया सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट को सरकार ने 2019 तक पूरा करने का वायदा किया था। लेकिन 5 साल ऊपर होने के बावजूद अभी नहीं लग रहा कि यह कार्य अभी पूरा होने वाला भी है। श्री यादव ने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आ रहे हैं तो इस सारे कचरे को छुपाने के लिए दीवार बनवाई जा रही है। दीवार बनाकर भाजपा सरकार अपनी नाकामयाबी छुपा रही है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आजादी का अमृतकाल आपके सामने पेश है। जहां 2019 तक कचरे का निस्तारिकरण करके खाद्य किसानों को देनी चाहिए थी लेकिन यहां तो कचरे को छुपाया जा रहा है। लॉकडाउन से पहले नगर परिषद की ओर से गीले कचरे के निस्तारण के लिए एरोबिक कंपोस्ट प्लांट लगाने का प्रोजेक्ट तैयार किया गया था। इस प्लांट के लगने से गीले कचरे से खाद बनाई जाएगी, जिसका इस्तेमाल खेती-बाड़ी में हो सकेगा। करीब 50 प्रतिशत कचरा गीला ही होता है। उन्होंने बताया रामसिंहपुरा में कचरे की री-साइक्लिंग नहीं होने के कारण इसके ढेर बढ़ते ही जा रहे हैं। इससे आसपास दुर्गंध और संक्रामक रोग फैलने की आशंका बढ़ गई है। पास से नहर भी गुजर रही है जिसके चलते यहाँ का पानी भी खराब हो रहा है। वहीं, हर साल ठोस कचरा प्रबंधन संयंत्र नहीं होने के कारण रैंकिंग में भी स्वच्छता सर्वेक्षण में जिला पिछड़ रहा है। कैप्टन अजय सिंह यादव ने बताया ठोस कचरा प्रबंधन संयंत्र अभी तक न बन पाने का खामियाजा शहर को ही उठाना पड़ रहा है। शहर में तमाम गलियों से कचरा उठने के बाद शहर के ही दर्जन भर से ज्यादा मोहल्लों में बने डंपिंग प्वाइंट में डाल दिया जाता है। यहां से काफी समय बाद कूड़ा दोबारा उठा बाहर डाला जाता है। लेकिन इस बीच कचरे की दुर्गंध से आसपास का माहौल पूरी तरह दुर्गंधयुक्त हो जाता है। इसके अलावा मक्खी-मच्छर पनपने के चलते बीमारियों का खतरा भी बना रहता है।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन की तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी**

# एम्स सहित कई परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे प्रधानमंत्री

**मुख्यमंत्री मनोहर लाल करेंगे मंच सांझा, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह भी रहेंगे मौजूद।**



**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** जिला के गांव माजरा-भालखी में बनने वाले ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइसेज (एम्स) के शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार 16 फरवरी को इस ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एम्स) का शिलान्यास करेंगे। इस मौके पर प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रधानमंत्री के साथ मंच सांझा करेंगे। कार्यक्रम के दौरान राव इंद्रजीत सिंह भी मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डिजिटल तौर पर भी विभिन्न जिलों की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम में आम पब्लिक के साथ रेवाड़ी, नारनौल, नूंह व गुरुग्राम जिलों के सेवा योजनाओं के लाभार्थी पहुंचेंगे। इसके अलावा आम जनमानस की भी भागीदारी रहेगी। जिला प्रशासन द्वारा इस कार्यक्रम में आने वाले नागरिकों की सुविधा के लिए बेहतरीन इंतजाम किए जा रहे हैं। रेवाड़ी, बावल व नारनौल-महेंद्रगढ़ की तरफ से आने वाले वाहनों के लिए अलग-अलग स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है।

कार्यक्रम स्थल पर वाटरप्रूफ जर्मन टेंट लगाया जा रहा है। मुख्य स्टेज के साथ ही हरियाणा प्रदेश के 9.5 साल की विकास गाथा से संबंधित एक प्रदर्शनी स्थापित की जा रही है। इसमें उन परियोजनाओं का माडल व विवरण होगा जिनका प्रधानमंत्री उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। मुख्य स्थल पर आने के लिए नई सडक़ का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। जिला के गांव माजरा भालखी में होने वाले उद्घाटन व शिलान्यास कार्यक्रम को 18 जिलों की 75 विधानसभाओं में बड़ी एलईडी के माध्यम से देखा जाएगा। सभी जिलों के उपायुक्त को इस संबंध में दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिला स्तर पर मंत्री, सांसद तथा विधायक मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। साथ ही लाभार्थियों को सम्मानित भी करेंगे। वर्ष 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने का संकल्प लेंगे।


# प्रजापत समाज की महिलाओं को स्वालंबी व आर्थिक रूप से किया जाएगा मजबूत : प्रधान



**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** प्रजापति समाज कि महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए प्रजापति समाज कुतुबपुर में एक बैठक कि गई जिस कि अध्यक्षता हरद्वारी लाल ने की। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रजापति समाज कि महिलाओं को स्वावलंबी व आर्थिक मजबूत कैसे किया जाए समाज के लोगों द्वारा विचार किया गया। इस बैठक में समाज के लोगो ने अपने अपने विचार रखें और आगामी 17 फरवरी 2024 को प्रात: 11 बजे प्रजापति धर्मशाला कुतुबपुर में ब्यूटी पार्लर, मेहंदी रचना, सिलाई सेंटर खोलने पर विचार किया गया। इसमें बीमार व्यक्तियों के लिए फिजियोथैरेपी भी फ्री में दी जाएगी। यह सभी कार्यक्रम प्रजापति सभा कुतुबपुर रेवाड़ी द्वारा किए जाएंगे। संस्था के प्रधान संजय, सतबीर थानेदार, बिल्लू, रमेश खजांची, ने संयुक्त रूप से बताया इस पूरे कार्यक्रम का उद्घाटन श्रीमती सुषमा प्रजापति, श्रीमती उर्मिला देवी, श्रीमती अंगूरी देवी के द्वारा किया जाएगा। आज प्रजापति समाज प्रगति की तरफ बढ़ रहा है। बैठक में मुख्य रूप से धर्मवीर, कृष्ण, मुरारी, थाना राम, राजू, सुभाष, बुधराम, साहिल, राजेंद्र, संतो धर्मी, रमेश प्रधान और समाज के कई गणमान्य लोग उपसथित रहे।

# शहर में चोरों का आतंक बढ़ा, पत्रकार व वकील की गाड़ी के शीशे तोड़े



**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** सोमवार की रात्रि में कानोड गेट पर पत्रकार की कार व एक वकील की कार का टाइल की ईंट मारकर शीश तोड़ उसमें रखा सामान व कैश ले उड़े। कानोड गेट स्थित पंजाब नेशनल बैंक के पास रहने वाले पत्रकार अरविंद अग्रवाल ने बताया को सोमवार की रात्रि में रोजाना की भांति उसकी गाड़ी घर के बाहर खड़ी थी। जब सुबह 9 बजे के आसपास गाड़ी को देखा तो पता चला कि रात्रि में कोई अनजान चोर आया और उसने टाइल की ईंट मारकर उसकी इटिओज गाड़ी का ड्राइवर साइड का पिछला शीशा तोड़ा व डैशबोर्ड को खंगाला। उसमें रखे लगभग मात्र एक सौ रुपये के आसपास व पेनड्राइव भी ले गया। अरिवंद ने इसकी सूचना डायल 112 को दी। भाड़ावास चौकी मामले की जांच कर रही है। वहीं दूसरी घटना भी कानोड गेट के पास एक अधिवक्ता केतन के साथ घटी। एडवोकेट ने बताया कि उसका भाई कत्याल हस्पताल में एडमिट है। उसकी देखभाल के लिए मैं रात्रि में उंसके पास सोने गया था। रात्रि साढ़े 9 बजे गाड़ी को अनपूर्णा हस्पताल के सामने खड़ी कर दी। प्रात: साढ़े 5 बजे उठाकर जब बाहर आया तो मेरी गाड़ी का ड्राइवर साइड का पिछला सीसा टूटा हुआ था। गाड़ी में से कंबल, आरसी, इंश्योरेंस, चार्जर व लगभग 1500 रुपये गायब मिले। भाड़ावास पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है क्योंकि दोनों गाड़ियों के शीशे तोड़ने का एक जैसा रहा है। एडवोकेट केतन ने बताया कि पुलिस को उसका फुटेज भी मिल गया है।

# आईएमए ने कॉलेज में गुलाबी पंख कार्यक्रम का किया आयोजन



**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** सतीश पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रेवाड़ी के द्वारा चलाई जा रही मुहीम गुलाबी पंख के अंतर्गत किया गया। यह जानकारी देते हुए स्कूल की प्राचार्या डॉ सुरभि गोयल ने बताया कि कार्यक्रम का प्रारंभ आईएमए के प्रधान डॉ. दीपक यादव, गुलाबी पंख प्रोग्राम की चेयरपर्सन डॉ. कविता यादव ने दीप प्रवज्जलित करके किया। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरज यादव ने स्कूल छात्राओं को न्यूट्रिशन एवं एनीमिया के बारे में जानकारी दी। डॉ दिव्या ने छात्रों की किशोरावस्था में आने वाली समस्या व उसके नादान के बारे में जानकारी दी। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुमन यादव ने छात्रों को हीमोग्लोबिन की कमी से होने वाली बीमारियों के बारे में बताया। आईएमए की वरिष्ठ सदस्या डॉ. सुरेखा यादव की उपसथिति में स्कूल प्रांगण में पौधारोपण भी किया गया। स्कूल की मैनेजर मोनिका सिंहल ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। रेनू गुप्ता व श्वेता गुप्ता एडवोकेट ने स्कूल की ओर से अतिथियों को पौधा प्रदान कर सम्मानित किया। स्कूल स्टाफ की अध्यापिकाओं ने भी सेमिनार में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# ऋषि पब्लिक स्कूल की टीम बनी ओवरऑल विजेता

**प्रथम स्व. श्रीमती राजकुमारी जैन जिमनास्टिक मेमोरियल कप-2024 का गांव बिठवाना में हुआ आयोजन, दर्जनभर स्कूलों के 300 से अधिक खिलाडियों ने दिखाई प्रतिभा**




**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** समाजसेविका श्रीमती राजकुमारी जैन की स्मृति में चैंपियन स्पोर्टस एडं फिटनेस क्लब के सहयोग से प्रथम स्व. श्रीमती राजकुमारी जैन जिमनास्टिक मेमोरियल कप-2024 का आयोजन गांव बिठवाना में किया गया। इस प्रतियोगिता में दर्जनभर स्कूल के करीब 300 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ऋषि पब्लिक स्कूल की टीम ने ओवरऑल ट्राफी पर कब्जा जमाया। हरियाणा जिमनास्टिक एसोसिएशन के कार्यकारी प्रधान तथा हरियाणा खेल विभाग के पूर्व डिप्टी डायरेक्टर परसराम ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

गांव बिठवाना स्थित विकास फार्म हाउस में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ समाजसेविका श्रीमती राजकुमारी जैन के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया गया। इस दौरान आयोजक विशाल जैन व करण अरेला ने कहा कि देश में अन्य खेलों की अपेक्षा जिमनास्टिक वो रुतबा हासिल नहीं कर पाया है तथा युवाओं का भी इस खेल में रुझान नहीं दिखाई देता। इसी को देखते हुए इस प्रथम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। समाजसेविका राजकुमारी जैन का भी मानना था कि युवाओं को सभी खेलों में हिस्सा लेना चाहिए। हमारा यही उद्देश्य है कि जिमनास्टिक खेल को नए मुकाम पर पहुंचाकर प्रतिभावान खिलाडि़यों को अवसर प्रदान करना है। इस प्रतियोगिता की सफलता के उपरांत शीघ्र ही प्रदेश स्तर की प्रतियोगिता आयोजन भी कराया जाएगा। रेवाड़ी जिमनास्टिक एसोसिएशन से संबंधित इस प्रतियोगिता में ऋषि पब्लिक स्कूल रेवाडी, आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल धारुहेड़ा, एसएससी अकादमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल बिलासपुर, आरजे स्पोर्टस जिमनास्टिक अकादमी आगरा, चैंपियन स्पोर्टस क्लब, रेवाड़ी व कैंब्रिज स्कूल सहित अनेकों स्कूलों के करीब 300 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा के जौहर दिखाए। छात्र वर्ग में जाकिर तथा छात्रा वर्ग में अनीता प्रजापति ने निर्णायक की भूमिका निभाई। संपूर्ण वर्ग के प्रदर्शन उपरांत ऋषि पब्लिक स्कूल रेवाड़ी ने ओवरऑल ट्राफी पर कब्जा जमाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। एसएससी अकादमी स्कूल बिलासपुर ने दूसरा तथा आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने तीसरा स्थान अर्जित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा जिमनास्टिक एसोसिएशन के कार्यकारी प्रधान तथा हरियाणा खेल विभाग के पूर्व डिप्टी डायरेक्टर पारसराम ने विजेता खिलाडि़यों को सम्मानित करते हुए आयोजकों के प्रथम प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि उनकी ओर से जो भी सहयोग होगा, वे प्रदान करते रहेंगे। उन्होंने सभी विजेता खिलाडि़यों तथा प्रतिभागियों को भी बधाई दी। इस मौके पर विकास यादव, पूजा खबडवाल, आशा जैन, डा. ओपी यादव, डा. तेजपाल आर्य, निधि जैन समेत काफी संख्या में स्कूल कोच, स्टॉफ व खेलप्रेमी मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनावों के साथ ही भाजपा ने बीते कई माह से अपना चुनावी शंखनांद कर दिया है शुरू




**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** लोकसभा चुनावों के साथ ही भाजपा ने बीते कई माह से अपना चुनावी शंखनांद शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी 16 फरवरी को रेवाड़ी जिले में होने वाली रैली को लेकर नूंह जिला भाजपा के कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। इसी को ध्यान में रखते हुए नूंह में भाजपा कार्यालय पर जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारी सौंपी। जिस पर सभी ने पूरे जोश के साथ कार्यक्रम में अपनी भागीदारी के लिए कहा। इस मौके पर भाजपा नेता जाहिद हुसैन ने कहा कि इस रैली में गुरूग्राम के सांसद राव इंद्रजीत सिंह है। जिसमें नूंह जिला से भी हजारों की संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे। इस दौरान उन्होंने विस्तारपूर्वक कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा कर कार्यक्रम में बढ़ चढक़र भाग लेने के लिए सभी ने अपनी सहमति दी। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता जाहिद हुसैन चेयरमैन ने बताया कि इस रैली में मुख्यातिथि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होंगे। जिससे नूंह जिले के साथ प्रदेश के हर कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। जाहिद हुसैन ने कहा कि केंद्र के साथ प्रदेश की भाजपा सरकार ने हर वर्ग के लोगों का भला किया है। नूंह जिला में आजादी के बाद पहली बार किसी सरकार ने युवाओं को बिना खर्ची व पर्ची के युवाओं को नौकरी प्रदान की है। जिससे आज हर क्षेत्र में युवाओं की भागीदारी दिख रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जिला में बिना भेदभाव के विकास कार्यों को रफ्तार दी है। इससे आने वाले समय में मेवात के विकास को और अधिक गति मिलेगी। भाजपा जो कहती है वह करती है जिला नूंह की लगभग हर सभी बड़ी मांगों को पूरा कराया है। इससे आने वाले समय में देश प्रदेश में एक बार फिर से भाजपा की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 16 फरवरी को होने वाले कार्यक्रम को लेकर जिले के लोगों में भारी उत्साह है। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के लोकसभा क्षेत्र से प्रदेश में लोकसभा चुनावों का शंखनाद हो रहा है। इस मौके पर युवा जिला अध्यक्ष केशव पंडित, जिला महामंत्री दलबीर सिंह, शिव कुमार बंटी, जिला महामंत्री, डॉ शारिक हुसैन मालब, कार्यालय सचिव सतीश शर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा के महामंत्री मोहम्मद जैद, महिला मोर्चा की अध्यक्ष गोल्डी शर्मा, विस्तारक बलविंद्र सिंह जोगी के अलावा रईस खान सहित अन्य मौजूद रहे।

## 16 को रेवाड़ी में मोदी की रैली में मेवात से हजारों कि संख्या में लोग जाएंगे: जाहिद

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** लोकसभा चुनावों के साथ ही भाजपा ने बीते कई माह से अपना चुनावी शंखनांद शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी 16 फरवरी को रेवाड़ी जिले में देश का 22वां ऑल इंडिया इंसटिट्यूट ऑफ मेडिकल सांइसेज़(एम्स) रेवाड़ी के गांव माजरा में बनने जा रहा है। जिसका शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 फरवरी को करेंगे। शिलान्यास के दौरान माजरा गांव में बड़ी जनसभा भी की जाएगी। 210 एकड़ में बनने वाले एम्स का निर्माण 1300 करोड़ रुपये खर्च कर केंद्र सरकार कराएगी। यहां 750 बिस्तर के हॉसपिटल सहित, 100 सीट का मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज व 25 सुपर स्पेशलिटी डिपार्टमेंट्स की ओपीडी लगेगी। रेवाड़ी में होने वाली रैली को लेकर नूंह जिला भाजपा के कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। इसी को ध्यान में रखते हुए नूंह में भाजपा कार्यालय पर जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारी सौंपी। जिस पर सभी ने पूरे जोश के साथ कार्यक्रम में अपनी भागीदारी के लिए कहा। इस मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जाहिद हुसैन ने कहा कि इस रैली में नूंह जिला से भी हजारों की संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे। इस दौरान उन्होंने विस्तारपूर्वक कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा कर कार्यक्रम में बढ़ चढक़र भाग लेने के लिए सभी ने अपनी सहमति दी। भाजपा नेता जाहिद हुसैन ने बताया कि इस रैली में मुख्यातिथि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होंगे। जिससे नूंह जिले के साथ प्रदेश के हर कार्यकर्ताओं में काफी उत्साहित है । जाहिद हुसैन ने कहा कि केंद्र के साथ प्रदेश की भाजपा सरकार ने हर वर्ग के लोगों का भला किया है। नूंह जिला में आजादी के बाद पहली बार किसी सरकार ने युवाओं को बिना खर्ची व पर्ची के युवाओं को नौकरी प्रदान की है। जिससे आज हर क्षेत्र में युवाओं की भागीदारी दिख रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जिला में बिना भेदभाव के विकास कार्यों को रफ्तार दी है। इससे आने वाले समय में मेवात के विकास को और अधिक गति मिलेगी। भाजपा जो कहती है वह करती है जिला नूंह की लगभग हर सभी बड़ी मांगों को पूरा कराया है। इससे आने वाले समय में देश प्रदेश में एक बार फिर से भाजपा की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 16 फरवरी को होने वाले कार्यक्रम को लेकर जिले के लोगों में भारी उत्साह है। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के लोकसभा क्षेत्र से प्रदेश में लोकसभा चुनावों का शंखनाद हो रहा है।

# प्रदीप सिंह ने संभाला अतिरिक्त उपायुक्त नूंह का पदभार

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2020 के बैच में प्रथम रैंक हासिल करने वाले अधिकारी प्रदीप सिंह ने नूंह जिला के अतिरिक्त उपायुक्त के रूप में पदभार संभाल लिया है। इससे पहले प्रदीप सिंह एसडीएम सोहना में अपनी सेवाएं दे चुके है। जिले का पदभार संभालते ही एडीसी प्रदीप सिंह ने कहा कि अंत्योदय की भावना के अनुरूप वे सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ प्रभावी ढंग से क्रियानवित करवाने में अपना दायित्व प्रभावी रूप से निभाएंगे। अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह ने कहा कि सरकार की जन सेवा की भावना के अनुरूप कार्य करते हुए सभी अधिकारी अपनी विभागीय योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका अदा करें। उन्होंने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएगा कि बिना किसी भेदभाव के लोगों के कार्य निष्पक्षता व प्राथमिकता के आधार पर किए जाएं। उन्होंने कहा कि जिला नूंह में चल रहे विकास कार्यों को गति प्रदान करते हुए पूरा करवाना उनका मुख्य उद्देश्य रहेगा।




# पुरानी पैंशन बहाली महारैली में नूंह से पहुंचे सैंकड़ों कर्मचारी

## दोनो हाथ उठाकर रैली में वोट फॉर ओपीएस का संकल्प लिया




**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** पैंशन बहाली संघर्ष समिति हरियाणा के आह्वान पर राज्य प्रधान विजेंद्र धारीवाल के नेतृत्व में जींद के एकलव्य स्टेडियम में आज हजारों की संख्या में विभिन्न विभागों के कर्मचारी इक्कठे हुए। वहीं नूह से विभिन्न विभागों के कर्मचारी जिले से इक्कठे होकर बसों और निजी वाहनों से सरकार की वादाखिलाफी के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए जींद पहुंचें। जिला कॉर्डिनेटर दिनेश गोयल ने बताया की सुबह धुंध होते हुए भी जिले के कर्मचारियों के इतना जोश था की वो समय से पहले ही पहुंच गए। जिले से पहली पंक्ति में मातृशक्ति में नर्सिंग स्टाफ और शिक्षिका भी मौजुद रही। और रैली को लेकर संघर्ष समिति पदाधिकारियों ने पिछले दिनों से जिले के सरकारी व निजी स्कूल-कालेजों , सरकारी कार्यालयों में जनसंपर्क करते हुए न्योता दिया। साथ ही ओपीएस को लेकर उनकी आर-पार की लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया।

जिला प्रधान मुनशेद खान ने बताया की पेंशन बहाली संघर्ष समिति हरियाणा द्वारा पिछले पांच वर्षों से लगातार धरने, प्रदर्शन, रैलियां, भूख हड़ताल किए गए, 19 फरवरी को पंचकूला में वाटर कैनन, आंसू गैस और लाठीचार्ज सहा गया, जिसके बाद प्रदेश सरकार द्वारा तीन सदस्यीय कमेटी का गठन भी किया गया। 3 मार्च को कमिटी की एक मीटिंग के बाद कोई मीटिंग सरकार द्वारा नही बुलाई गई और ना ही ओपीएस बहाली की तरफ कोई भी उचित कदम नहीं उठाया जा रहा जिससे प्रदेश के लाखों कर्मचारियों व अधिकारियों में सरकार के खिलाफ भारी रोष है।

समिति के प्रदेश अध्यक्ष विजेन्द्र धारीवाल ने कहा कि पेंशन बहाली संघर्ष समिति द्वारा प्रदेश में ओपीएस आंदोलन को आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में वोट फॉर ओपीएस की मुहिम के साथ चुनाव में उतरेगी। अगर वर्तमान सरकार पुरानी पैंशन बहाली की अधिसूचना नहीं लाती तो संघर्ष समिति चुनावो में अपनी पैंशन के लिए वोट करेंगे और आमजन को जागरुक करेंगे।

वहीं रैली के दौरान विपक्ष के नेता राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने रैली में पहुंचकर कहा की कांग्रेस पीबीएसएस के साथ है , कांग्रेस ने अपने मेनफेस्टो में पुरानी पैंशन को सर्वोच्च पर रखा हुआ है वो इससे सरकार आते ही पहली कैबिनेट की मीटिंग बुलाकर लागू करेंगे। वहीं रणदीप सुरजेवाला ने लाइव संदेश के माध्यम से कांग्रेस के पुरानी पैंशन के समर्थन को कहा। रैली में जिले के मैडिकल नलहर से जिला महासचिव राजेन्द्र छीपा, महिला विंग प्रधान राजो देवी, तावडू खंड प्रधान रेवती रमण, झिरका से सुनिल प्रधान, दीप्ति , कृष्णा, माया देवी, शर्मिला , गुंजन, कविता, जितेन्द्र गुलिया, विजेंद्र, नरेंद्र, कमल, सुनील, कुणाल, प्राचार्य असगर अली, रहमुदिन, बिजली विभाग से अरशद, जाकिर सेहरवात, सुरेश कुमार, लैक्चरर जयसिंह तावडू सहित अन्य मौजुद रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माजरा की रैली को ऐतिहासिक बनाने में जुटी भाजपा रेवाड़ी

**विधानसभा स्तर एवं मंडल स्तर पर बनाएं संयोजक प्रीतम चौहान।**

**ईश्वर बावल, सत्यदेव रेवाड़ी तथा रामोतार कतोपुरी को बनाया मोदी रैली का विधानसभा प्रभारी**







**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रीतम चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 16 फरवरी को माजरा में होने वाली महा रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए जिला भाजपा टीम ने पूरी तरह से कमर कस ली है। रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए विधानसभा स्तर पर व मंडल स्तर पर संयोजक और सहसंयोजक नियुक्त किए हैं विधानसभा रेवाड़ी से श्री सत्यदेव यादव महामंत्री को संयोजक व सुनील ग्रोवर को सह संयोजक बावल विधानसभा से ऐडवोकेट ईश्वर चनीजा जिला महामंत्री को संयोजक व युद्धवीर फोगाट को सह संयोजक विधानसभा कोसली से रामावतार कतोपरी को संयोजक व सरदार सिंह भाला को रैली के लिए सहसंयोजक नियुक्त किया है। इसी प्रकार मंडल में रेवाड़ी मंडल से संजय चौहान, बीकानेर मंडल से रोहित जांगड़ा, धारूहेड़ा मंडल से देवराज, बावल मंडल ओम प्रकाश, गड़ी बोलनी मंडल से पवन लाठा, खोल मंडल से राजेश चौहान डहीना मंडल से धर्मेंद्र यादव, बेरली मंडल से कृष्ण कुमार, नाहड़ मंडल से रामअवतार, जाटूसाना मंडल से सत्य प्रकाश को संयोजक लगाया गया है। तथा हर गांव स्तर पर महारैली के लिए कमेठिया भी गठित की गई है। जिला अध्यक्ष प्रीतम चौहान ने रेवाड़ी जिले के सभी लोगों से अपील की है कि भारी संख्या में पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जो एक एम्स की बड़ी सौगात दक्षिण हरियाणा को देने जा रहे हैं इस ऐतिहासिक एम्स की सौगात के आप साक्षी बने। इस ऐतिहासिक महोत्सव में आप सभी जिले के सभी महानुभाव सादर आमंत्रित हैं।


# किसी भी राष्ट्र के विकास में महिलाओं की भूमिका अहम होती है डॉ पूर्ण प्रभा प्राचार्य




**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** आज राजकीय महाविद्यालय नारनौल के प्रांगण में महिला प्रकोष्ठ और यूथ रेडक्रॉस व राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से सरोजिनी नायडू' के जयंती के उपलक्ष्य में 'राष्ट्रीय महिला दिवस' और महिला सशक्तिकरण कैंप का समापन प्राचार्य डॉ पूर्ण प्रभा की अध्यक्षता में किया गया। प्राचार्य डॉ पूर्ण प्रभा ने विधार्थियों से कहा कि किसी भी राष्ट्र के विकास में महिलाओं की भूमिका अहम और अग्रणी होती है। यह खास दिन 13 फरवरी को महिलाओं के अधिकारों और स्वतंत्रता आंदोलन में सरोजिनी नायडू के योगदान को दर्शाने के लिए मनाया जाता है। सरोजिनी नायडू से राष्ट्रीय महिला दिवस का गहरा नाता है। सरोजिनी नायडू भारत की प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी व कवयित्री हैं। उन्हें भारत कोकिला यानी नाइटिंगेल ऑफ इंडिया भी कहा जाता है। इतना ही नहीं वह आजाद भारत की पहली महिला राज्यपाल भी रही हैं। ब्रिटिश सरकार के खिलाफ देश को आजादी दिलाने के लिए हुए स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है। वह हर महिला के लिए प्रेरणा है। यूथ रेडक्रॉस के नोडल अधिकारी डॉ चंद्र मोहन ने कहा कि आज भारत में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। वे शिक्षा, विज्ञान, कला, खेल, राजनीति, व्यवसाय और अन्य क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर रही हैं।महिलाओं ने सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। महिला प्रकोष्ठ की नोडल अधिकारी डॉ पलक ने कहा कि राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं को प्रेरित करने और लैंगिक समानता की दिशा में काम करने का विशेष दिन है। महाविद्यालय कुलसचिव और राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रोग्राम आफिसर डॉ सत्य पाल सुलोदिया ने कहा कि यह दिवस हमें यह याद दिलाता है कि महिलाएं समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उनके योगदान को स्वीकार करना और उनका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। आज महाविद्यालय में राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के सम्मान हेतु सभी महिलाओं प्राध्यापको को तिलक लगाकर और अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया है। महिला सशक्तिकरण कैंप का समापन किया गया व ताइक्वांडो कोच मनोहर को महाविद्यालय प्रबंधन की तरफ़ से ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। इस सम्पूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने डॉ गीता रानी, डॉ मनप्रीत, डॉ संजीता, डॉ कविता, कीर्ति शर्मा, सोमलता सैनी, डॉ सुमन यादव की सराहनीय भूमिका रही।

# रेडियो ने भारत की भाषा, बोलियो एवं संस्कृतियों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है: राजीव कुमार शुक्ला



**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर भारत को सूचित, शिक्षित एवं मनोरंजन में रेडियो की भूमिका विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.टंकेश्वर कुमार की प्रेरणा व मार्गदर्शन में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में आकाशवाणी दिल्ली के पूर्व अतिरिक्त महानिदेशक राजीव कुमार शुक्ला ने कहा है कि रेडियो ने भारत की भाषा, बोली, संवाद परंपरा व संस्कृतियों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज देश की हर बोली व भाषा किसी न किसी आवाज के रूप में आकाशवाणी स्टूडियों में संरक्षित है। श्री शुक्ला ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि रेडियो भारत के लोगों का एक अच्छा दोस्त व सहयात्री है। भारत के जनमानस को सूचित, शिक्षित व उसका मनोरंजन करने में रेडियो की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश के लोगों को वोट के लिए प्रेरित कर भारत में लोकतंत्र स्थापित करने की बात हो या भारत में हरित क्रांति का विकास। सही अर्थों में रेडियो हरित क्रांति का एक बड़ा हीरो रहा है। रेडियो व दूरदर्शन के बिना भारत के विकास की कल्पना करना संभव नहीं है। कार्यशाला में आकाशवाणी में सीनियर प्रोडयूसर एवं समर्थ इंडिया फाउंडेशन के सीईओ संजय अग्रवाल ने बताया कि आकाशवाणी ने भारत की जनता व उसके लोगों को भाषा एवं संस्कृति का संस्कार दिया है। उन्होंने कहा कि रेडियो भारत में सूचना, शिक्षा एवं मनोरंजन का बड़ा माध्यम है। उन्होंने भारत में खेल कमेंट्री पर विस्तार से अपना व्याख्यान दिया। इस अवसर पर आकाशवाणी पर शोध कर चुके शोधार्थी डॉ अशोक कुमार जोकि हरियाणा पुलिस में कार्यरत हैं, ने भी अपने शोध के निष्कर्ष को विद्यार्थियों के साथ साझा किया। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि किसी तरह से विभिन्न तरह के रेडियो कार्यक्रम निर्माण एवं प्रस्तुति में भिन्न हैं। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के शिक्षक डॉ. आबिद अली ने अपने संबोधन में रेडियो एक शिक्षण माध्यम के रूप में विषय पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि भारत में शिक्षा के प्रचार एवं प्रसार में रेडियो की भूमिका रही हैं। उन्होंने रेडियो प्रसारण में आवाज के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। विश्वविद्यालय में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि इस कार्यशाला को आयोजित करने का उदेश्य विद्यार्थियों को रेडियो माध्यम व उसके लिए जरूरी कौशल के बारे में बताना हैताकि विद्यार्थी देश के वरिष्ठ प्रसारणकर्ताओं से प्रेरित होकर इस दिशा में आगे बढ़ सकें। कार्यशाला का संचालन शोधार्थी गौरव जोशी ने किया। इस मौके पर विभाग के शिक्षक डॉ सुरेंद्र कुमार, डॉ. नीरज करण सिंह, आलेख एस नायक के साथ विद्यार्थी एवं शोधार्थी मौजूद थे।

## हत्या आरोपी पति गिरफ्तार, पत्नी का कटर से काटा था गला, जेल भेजा

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** आपसी मतभेद व आर्थिक तंगी को लेकर कटर से गला काटकर अपनी पत्नी की हत्या करने वाले के मामले में थाना अटेली की पुलिस ने आरोपी केवल चंद निवासी डहिना रेवाड़ी को गिरफ्तार कर लिया है। उसे मंगलवार को कोर्ट में पेश किया गया जहां सुनवाई के बाद उसे न्यायिक विरासत में जेल भेज दिया गया। पत्नी की हत्या के बाद उसने खुद का भी गला काट लिया था लेकिन उसकी जान बच गई। मृतका के भाई सुनील कुमार निवासी गांव बगथला थाना कसौला रेवाड़ी ने थाना अटेली में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि उसकी बहन मोनू अपने पति केवल चंद गांव डहिना जिला रेवाड़ी व अपने बेटे के साथ पिछले 1 साल 6 महीने से गांव कारिया बस स्टैंड के नजदीक मकान बना कर रहती थी। गत 25 जनवरी को सुबह के समय करीब 5:30 बजे गांव कारिया के पूर्व सरपंच प्रदीप ने फोन से सूचना दी कि तुम्हारे जीजा केवल चंद ने अपना गला काट लिया है। प्रदीप एंबुलेंस से केवल चंद को मात्रिका अस्पताल रेवाड़ी ले आया। वह और उसका छोटा भाई संजय मात्रिका अस्पताल रेवाड़ी पहुंचे। जहां पर डॉक्टरों ने केवल चंद की गंभीर हालत देखकर किसी अन्य अस्पताल में ले जाने के बारे में कहा। इसके बाद शिकायतकर्ता उसे पुष्पांजलि अस्पताल रेवाड़ी ले गए। बाद में केवल चंद को रोहतक पीजीआई दाखिल करा दिया। उसके उपरांत शिकायतकर्ता ने प्रदीप को फोन करके कहा कि उसकी बहन मोनू से बात करा दो ।कुछ देर बाद प्रदीप ने उसे सूचना दी कि उसकी बहन मोनू मकान के अंदर बेड पर मृत अवस्था में है। उसका कटर मशीन से गला कटा हुआ है। सूचना पाकर शिकायतकर्ता अपने परिजनों के साथ उसकी बहन मोनू के मकान पर पहुंचा और लाश को देखकर पहचान लिया।

## 28 तक चलेगा मेरी प्यारी लाडो अभियान

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** उपायुक्त मोनिका गुप्ता के दिशा निर्देशानुसार बेटियों को बढ़ावा देने के लिए जिला में चलाया जा रहा मेरी प्यारी लाडो अभियान की तिथि लोगों की अत्यधिक भागीदारी को देखते हुए 14 फरवरी से बढ़कर 28 फरवरी कर दी गई है। डीसी मोनिका गुप्ता ने कहा कि मेरी प्यारी लाडो अभियान के तहत अब पिता पुत्री के अलावा दादा-दादी व नाना-नानी भी बेटियों के साथ तक खुशी के पल शेयर करेंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बेटियों के प्रति लोगों की सकारात्मक सोच पैदा करना है। उन्होंने कहा कि हमारी प्यारी लाडो हमारी शान है इस पर 60 से 90 सेकंड की वीडियो बनाकर गूगल लिंक के माध्यम से अपलोड कर सकते हैं। इसके अलावा फोटो भी अपलोड कर सकते हैं। इसमें उसके जन्मदिन, स्कूल जाने वाला पहला दिन या किसी उपलब्धि से संबंधित कोई वीडियो शेयर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बेटियों को बढ़ावा देने के लिए सरकार की ओर से अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसमें टॉप 20 एंट्री को भविष्य में एक समारोह आयोजित करके सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह फोटो और वीडियो किसी भी उम्र की बेटी के हो सकते हैं।

डीसी मोनिका गुप्ता ने बताया कि मेरी प्यारी लाडो अभियान के तहत 28 फरवरी तक गूगल लिंक के माध्यम से अपनी फोटो व वीडियो अपलोड कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सबसे पहले दिए गए बारकोड व पर क्लिक करें। क्लिक करने के बाद एक पेज खुलेगा। पेज पर सबसे पहले ईमेल आईडी भरनी होगी। इसके बाद पिता का नाम, बेटी का नाम, बेटी की शैक्षणिक जानकारी, पूरा पता व उसके बाद एड फाइल में जाकर फोटो व वीडियो अपलोड करें। इसके बाद मोबाइल नंबर डालकर सबमिट के बटन पर क्लिक करना होगा।

सिटी 24 न्यूज
सिटी 24 न्यूज की संपादक रवीना यादव द्वारा सी-118, विपुल प्लाजा, सेक्टर-78 फरीदाबाद, हरियाणा से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं न्यूज पोर्टल के लिए ई-पेपर को प्रसारित किया है। ई-पेपर में शामिल लेखों, विचारों एंव समाचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है अपितु लेखक ही जिम्मेदार होगा।
समाचारों से संबंधित सभी विवादों का निपटारा केवल फरीदाबाद न्यायालय में ही मान्य होगा। संपर्क: 9818180269, ईमेल : city24newsroom@gmail.com

# हरियाणा के पूर्व मंत्री के बाइक शोरूम पर तोड़फोड़ 90 हजार नगदी लूटी, मामला दर्ज





**शोरूम पर कार्यरत लड़की के साथ अभद्रता, मैनेजर बोला सब ने शराब पी रखी थी**

**पुलिस कह रही है आरसी से संबंधित है मामला**

**कैप्टन अजय यादव ने आज लिया स्वयं जायजा**

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** समीपवर्ती राजस्थान के बहरोड़ में बहरोड़ पुलिस थाने में देर रात को हीरो शोरूम के मैनेजर के साथ मारपीट करने, शोरूम में कार्य लड़की के साथ अभद्रता और 90 हजार रुपए की नगदी लूट कर ले जाने का मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने बताया कि हीरो शोरूम के मैनेजर हरियाणा के धारूहेड़ा निवासी दीनदयाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। दीनदयाल यादव के मुताबिक सोमवार को बहरोड़ के अलवर रोड पर स्थित राव अभय सिंह हीरो शोरूम पर थे। वह शाम के समय नगदी गिन रहे थे। इसी दौरान करीब 5 बजे शाम को चार-पांच लोग आए। जिसमें टोनी कल्याणपुरा, राहुल कल्याणपुरा व नितेश आइसीआइसीआइ बैंक फाइनेंसर का काम करता है, उनके साथ अन्य लोग थे । इन सभी ने शराब पी रखी थी। यहां आकर गाली गलौज करने लगे। मेरी तरफ बढ़ते गए और मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने कंप्यूटर में तोड़फोड़ की।



कुर्सियां तोड़ दी। केबिन में घुसकर अंदर रखे हुए करीब 90 हजार रुपए ले गए। शोरूम के अंदर मौजूद एक लड़की ज्योति के साथ भी गाली गलौज की। मैनेजर ने आरोप लगाया कि यह सभी लोग उसे खींचकर बाहर ले जाने लगे लेकिन वह किसी तरह जान बचाकर भाग गए। यह सभी लोग जाते हुए कह कर गए हैं कि कल अगर शोरूम खुलेगा तो यहां गोली चलेगी और गार्ड के साथ उसे भी जान से मारने की धमकी देकर गए है। इस संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि स्कूटी की आरसी को लेकर विवाद होना बताया जा रहा है। हालांकि मामले की जांच के बाद ही पूरा खुलासा हो पाएगा। हरियाणा के पूर्व मंत्री तथा कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय सिंह का यह शोरूम है। कल शाम को ही शोरूम के अंदर तोड़फोड़ मैनेजर के साथ मारपीट और रुपए छीन कर ले जाने की घटना के बाद आज वह भी बहरोड पहुंचे। घटना का जायजा लिया। वही बहरोड के कार्यवाहक थाना अधिकारी बनवारी लाल मीणा और पुलिस ने मौका मुआयना किया है।

# कांग्रेस ने सदा ही भेदभाव व क्षेत्रवाद की राजनीति की : डा. अजय सिंह चौटाला

**डा. अजय सिंह चौटाला ने नांगल चौधरी एवं अटेली की ग्रामीण सभाओं के अलावा में की शिरकत**



**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने मंगलवार नांगल चौधरी व अटेली विधानसभा क्षेत्र के गांवों में जनसभाएं की और कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए। नांगल चौधरी हलका में शिमला व गांवड़ी जाट में जनसभा की। इसके बाद गांवड़ी जाट में कार्यकर्ता राकेश की दादी के निधन पर शोक जताया। गांवड़ी से मोरूंड जाते वक्त नांगल दर्गू में चौधरी देवीलाल के समय के पुराने कार्यकर्ता हरफूल के पिता घर पहुंचे तथा उनका हालचाल जाना। फिर कांशीराम रावत के मोरूंड स्थित आवास पर विवाह समारोह में शामिल हुए। यहां से डॉ. अजय सिंह चौटाला अटेली विधानसभा के गांव सराय-सुरानी, खोड़ व बोचड़िया में पहुंचे और तीनों जगह जनसभा की। इन जनसभाओं की अध्यक्षता जिला प्रधान डा. मनीष शर्मा ने की।

इन जनसभाओं में जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि पार्टी का हरियाणा की सभी 10 लोकसभा क्षेत्र में गांव-गांव जाकर जनसम्पर्क अभियान चलाया जा रहा है। वह खुद भी ग्रामीणों के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं। उन समस्याओं को सरकार के समक्ष रखकर समाधान करवाने का प्रयास भी किया जा रहा है। जनसभा में उन्होंने कहा कि छह साल पहले ही जजपा पार्टी का गठन हुआ था। गठन के महज नौ माह में भी पार्टी ने तीन चुनाव झेले। फिर भी विधानसभा में 10 विधायक चुनाव जीतकर आए और सत्ता में भागीदारी की। सत्ता में भागीदारी मिलते ही विश्वव्यापी कोरोना महामारी आ गई। पहला, फिर दूसरा और तीसरा फेज सामने आया। दो साल निरंतर यही चलता रहा। कोरोना से थोड़ी मुक्ति मिली तो किसान आंदोलन चल पड़ा। इस तरह जजपा को एक से दो साल ही काम करने का मौका मिला। अब लोकसभा चुनाव की तैयारी में पार्टी कार्यकर्ता जुटे हैं। उनकी पार्टी हरियाणा की सभी 10 सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ने की पूरी तैयारी कर चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सदा ही भेदभाव व क्षेत्रवाद की राजनीति की है। उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला कभी भी इस पक्ष में नहीं रहे। उन्हें पूरा हरियाणा अपना कुनबा लगता है। इस कुनबे में शामिल हर वर्ग युवा, महिला, बुजुर्ग, किसान व व्यापारी का पूरा ख्याल रखा जा रहा है। युवा दुष्यंत चौटाला के हाथ जितने मजबूत होंगे, हरियाणा उतनी ही तेज गति से विकास की राह पर आगे बढ़ेगा। ऐसे में आने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में दुष्यंत चौटाला को विकास की बागडोर दें, ताकि हर वर्ग की किस्मत का ताला उस चाबी से खोला जा सके। इस मौके पर पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव कमलेश सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष अभिमन्यु राव, एडवोकेट तेजप्रकाश यादव, जिला पार्षद प्रदीप, सुलोचना ढिल्लो, सुविधा शास्त्री, अमरसिंह ब्रह्मचारी, बिरेंद्र बनिहाड़ी, कुलदीप कलवाड़ी, महेंद्र बडेसरा, रामकुमार मकसूसपुर, सावित्री गुर्जर, महेंद्र खन्ना, हरचंद तोबड़ा, राजकुमार जांगड़ा, रोहताश बड़गांव, रतनसिंह चेयरमैन, विजय छिलरो, अजय एडवोकेट, विरेंद्र घाटासेर, धर्मवीर यादव, प्रमोद ताखर, हजारीलाल लंबोरा, रमेश इसराना, डा. सुनीता यादव, सुषमा यादव, जिलेसिंह गुर्जर, चैनसुख तोताहेड़ी, माडूराम, लक्खा गुर्जर, राजकुमार जेई, धर्मबीर अकबरपुर, सुनील गांवड़ी, जोगेंद्र निजामपुर, देवेंद्र पवेरा, विकास गांवड़ी, सतबीर नांपला, दीपक यादव, अमित भांखरी, लीलाराम कालबा, रामचंद्र शिमली, ओमप्रकाश पंडित, गुरुदीप सरदार, सुनील श्योराण, रवि भालोठिया व अंशु बड़कोदिया सहित पार्टी के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए आवेदन आमंत्रित

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार नेहरू युवा केंद्र की ओर से ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन के लिए युवा मंडलों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक युवा मंडल अपना निशुल्क आवेदन डीसी, एसपी निवास के सामने मकान नंबर 817 में स्थित नेहरू युवा केंद्र कार्यालय में 14 फरवरी सांय 4 बजे तक आवेदन जमा कर सकते हैं। जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव ने बताया कि इस 2 दिवसीय प्रतियोगिता के आयोजन में चार समूह खेलों कबड्डी, वॉलीबॉल, रस्साकस्सी व रिले दौड़ का आयोजन युवा मंडल को करना होगा। इसके लिए संगठन द्वारा 5 हजार रुपए का बजट निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम में लगभग 150 युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी।

# जिला युवा संसद एवं मतदाता जागरूकता अभियान के लिए आवेदन आमंत्रित

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार नेहरू युवा केंद्र की ओर से 18 से 25 वर्ष के युवाओं के लिए जिला युवा संसद प्रतियोगिता के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक युवा 14 फरवरी सांय 5 बजे तक माई भारत पोर्टल अथवा डीसी, एसपी निवास के सामने मकान नंबर 817 में स्थित नेहरू युवा केंद्र कार्यालय में अपना आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी देते हुए जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव ने बताया कि इस प्रतियोगिता के लिए युवा जिला महेंद्रगढ़ का स्थाई निवासी होना चाहिए। जिला युवा संसद में प्रतिभागियों को 4 मिनट पर निर्धारित थीम देश के परिवर्तन के लिए सशक्त एवं सक्रिय युवा आवाज में 3 विषय भविष्य को सशक्त बनाना, आत्मनिर्भर से विकसित भारत की ओर व भारत को वैश्विक लीडर बनाना पर अपने विचार ऑनलाइन माध्यम से रखने है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक जिले से 2 चयनित युवा ऑनलाइन होने वाली राज्य स्तरीय युवा संसद में भाग लेंगे। राज्य स्तर पर चयनित तीन युवाओं को संसद भवन, नई दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम को 2 लाख, द्वितीय को 1.5 लाख व तृतीय स्थान हासिल करने वाले विजेताओं को 1 लाख रुपए की राशि प्रदान की जाएगी वहीं पचास हजार के दो सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे। इसके अलावा फरवरी माह में होने वाले मतदाता जागरूकता सप्ताह के लिए भी वॉलंटियर्स के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। इसमें भाग लेने वाले युवाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इच्छुक युवा अपना आवेदन माय भारत पोर्टल के माध्यम से अथवा ऑफलाइन जिला नेहरू युवा केंद्र कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव के मोबाइल नंबर 8979959509 पर फोन कर जानकारी ले सकते हैं।

# बसंत पंचमी के अवसर पर आज बेगपुर में होगा निशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** आयुष विभाग की ओर से बसंत पंचमी के अवसर पर 14 फरवरी को राजकीय माध्यमिक विद्यालय अटेली बेगपुर में निशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. अजीत सिंह ने बताया कि बसंत पंचमी के अवसर पर 14 फरवरी को राजकीय माध्यमिक विद्यालय अटेली बेगपुर में आमजन को स्वास्थ्य लाभ देने के लिए निशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कैंप में ऋतु अनुसार आहार विहार, औषधीय पौधों व मौसमी बीमारियों से बचने के बारे में जानकारी दी जाएगी। शिविर में आयुर्वेदिक व पचंकर्म पद्धति द्वारा सामान्य रोगों का उपचार किया जाएगा। इस कैम्प में आयुर्वेद के माध्यम से दर्द प्रबंधन, अग्निकर्म, विद्धकर्म, मर्मचिकित्सा और कैपिंग आदि चिकित्सा द्वारा दर्द का निवारण किया जाएगा तथा निशुल्क दवाईयां वितरित की जाएंगी। इस कैम्प में रक्त अल्पता, वृद्धावस्था जनित रोगों के बचाव के बारे में बताया जाएगा। इसके अलावा स्थानीय औषधियों के द्वारा रोगों के बचाव के बारे में बताया जाएगा तथा योग और प्राणायाम का महत्व बताया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस शिविर में आमजन को रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाली औषधियां निशुल्क वितरित की जाएगी। उन्होंने बताया कि कैंप में वन विभाग के सहयोग से निशुल्क औषधीय पौधें वितरित किए जाएंगे।

# यदि इन्सान में नैतिकता नहीं तो सम्पत्ति, पैसा, उपलब्धि, प्रतिष्ठा, सम्मान, पद कुछ मायने नही रखते : विपिन शर्मा

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** उपायुक्त एवं जिला बाल कल्याण परिषद की अध्यक्षा मोनिका गुप्ता के मार्गदर्शन में जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से आज सरस्वती विद्या मन्दिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नांगल चौधरी में नैतिक मूल्यों की शिक्षा पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर योजना के नोडल अधिकारी एवं पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन कुमार शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि सम्पर्तति, पैसा, उपलब्धि, प्रतिष्ठा, सम्मान, पद कुछ मायने नहीं रखते, यदि इन्सान में नैतिकता नहीं है। नैतिक मूल्यों की शिक्षा बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ देशभक्ति, संस्कृति एवं संस्कार आदि का पाठ सिखाती है। वर्तमान शिक्षा बच्चों का आत्मबल कमजोर बनाती है जिसकी वजह से वर्तमान पीढ़ी मानसिक तनाव व दबाव में रहती है। इससे बाहर निकलने का एक मात्र जरिया नैतिक मूल्यों की शिक्षा एवं अपनी वैदिक शिक्षा का ज्ञान होना बच्चों को बहुत ही आवश्यक है जिससे उनका मानसिक, शारीरिक व सैद्धांतिक रूप से विकास हो सकें तथा उनमें भारतीय संस्कृति, संस्कार, आचार, व्यवहार एवं देशभक्ति की भावना जागृत हो सकें। आज व्यक्ति एवं समाज में साम्प्रदायिक्ता, जातीयता भाषावाद, हिंसा, अलगाववाद, भ्रष्टाचार, यौनशोषण, भ्रुण हत्या की




संकीर्ण भावनाओं व समस्याओं के मूल में नैतिक मूल्यों का पतन ही उत्तरदायी कारण है। नैतिक मूल्यों का समावेश जीवन के सभी क्षेत्रों में होता है। व्यक्ति परिवार, समुदाय, समाज, राष्ट्र से मानवता तक नैतिक मूल्यों की यात्रा होती है। नैतिकता समाज में सामाजिक जीवन को सुगम बनाती है। मानव को सामाजिक प्राणी होने के नाते कुछ सामाजिक नीतियों का पालन करना पड़ता है जिनमें संस्कार, सत्य, परोपकार, अहिंसा, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा, एक-दुसरे की मदद करना आदि शामिल है। वास्तव में ये सभी नैतिक गुणों में आते हैं और बच्चों को इन्हें बचपन से ही धारण कर लेना चाहिए ताकि अच्छे परिवार, समाज, राष्ट्र का निर्माण हो सकें। उन्होंने बच्चों को उच्च श्रेणी की शिक्षा प्राप्त करने के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की शिक्षा को भी अवधारण करने के लिए प्रेरित किया। इस समय भौतिक सभ्यता का अनुकरण आज जिस तेजी से हो रहा है इससे लोगों का नैतिक पतन भी उसी तेजी से हो रहा हैं। स्वामी विवेकानन्द जी ने तो वर्षों पहले ही इस बात की चेतावनी देकर हमें सतर्क किया था। उन्होंने कहा था ध्यान रखो, यदि तुम अपनी संस्कृति का त्याग करदोगे और इसे एक ओर रखकर पश्चिम की सभ्यता के पीछे भागने लगोगे तो तुम्हारा अब तक का सम्पूर्ण गौरव समाप्त हो जाएगा। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि जो समाज अपने बुजुर्गों, महापुरूषों, वीर सेनानियों का सम्मान नहीं करता, वो अन्त में नष्ट हो जाता है। इसलिए सभी को यह प्रण लेना चाहिए के अपने बुजुर्गों, महापुरूषों व वीर सेनानियों का सम्मान करना चाहिए और इसके साथ-साथ अपने राष्ट्र से भी प्रेम करना चाहिए। इस अवसर पर विशेष रूप से बच्चों से सभी प्रकार से नशों व अन्य सभी प्रकार के व्यसनों से दूर रहने की भी अपील की तथा इनसे होने वाले दुष्प्रभावों से जागरूक किया। इस अवसर पर संस्था के निदेशक अमित यादव ने बच्चों को नैतिक मूल्यों की शिक्षा के महत्त्व पर प्रकाश डाला तथा बच्चों को अपने जीवन में अच्छी शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को भी अवधारण करने का अनुरोध किया। स्कूल की प्राचार्या वन्दना यादव ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलवाया कि वे अपने स्कूल के बच्चों को नैतिक मूल्यों से रोजाना अवगत करवाती रहेंगी। इस अवसर पर बाल भवन से तीरंदाजी कोच सुरेन्द्र शर्मा, उप-प्राचार्या रेखा यादव, डीपी विक्रम, सुनीता, सन्तोष, राजेश, यादराम, सुन्दर, मनीष, राजबाला के अलावा अन्य अध्यापक को बच्चे उपस्थित थे।

# किसानों को तंग कर रही सरकार : राकेश यादव

**किसानों को आतंकवादी समझकर तंग कर रही सरकार**

**कांग्रेस सरकार प्रत्येक जरूरतमंद को फ्री देगी 100 गज के प्लॉट : राकेश यादव**



**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं सेवानिवृतति सत्र न्यायाधीश राकेश यादव ने किसानों के मुद्दे पर हरियाणा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि क्या देश के किसानों को अपनी राजधानी दिल्ली में जाने का अधिकार नहीं ? ऐसे हालात पैदा किए जा रहे हैं कि जैसे कोई आतंकवादियों को रोका जा रहा हो। यादव ने कहा कि एक तरफ केंद्र सरकार एमएस स्वामीनाथन और चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न के सम्मान से नवाज रही है, जिन्होंने अपना पूरा जीवन किसान कौम के लिए समर्पित कर दिया। वहीं, हरियाणा में किसानों को बंधक बनाने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि हरियाणा सरकार ने 2 साल पहले भी कंटीले तार बिछाए थे, लाठियां भांजी गई थी और उनके रास्ते में सीमेंट के बेरिकेड लगाए गए थे। दोबारा से सरकार फिर इसी की तैयारी में है। पिछले आन्दोलन में 750 किसानों ने शहादत दी थी, तब प्रधानमंत्री मोदी ने तीन काले कानूनों को वापस लिया था और एमएसपी की गारंटी को लाने के लिए कानून बनाने का वादा किया था। उन्होंने कहा की देश के किसान प्रधानमंत्री मोदी को उनका वादा याद दिलाने दिल्ली जा रहे हैं, लेकिन हरियाणा सरकार ने बॉर्डर सील कर दिए, सीमेंटेड ब्लॉक लगा दिए। उन्होंने हरियाणा सरकार से किसानों को आतंकवादी समझकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन में भाग लेने के लिए रोक रही है। उन्होंने उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को संबोधित करते हुए कहा कि आप ने खुद को किसान का बेटा कहकर जनता से वोट मांगने का काम किया था और अब आप भारतीय जनता पार्टी की गोद में जाकर बैठे हैं, जबकि चौधरी देवीलाल ने हमेशा से ही किसान हित की आवाज उठाने का काम किया था।

सेवानिवृत सत्र न्यायाधीश ने कहा कि मोदी सरकार ने किसान नेताओं को तो खरीद लिया, लेकिन किसान अपनी मांगों को लेकर अड़ा हुआ है। समाज का ऐसा कोई अंग नहीं है चाहे युवा हो, किसान हो, मजदूर हों सबको त्रस्त करने का काम किया है। आम आदमी पार्टी किसानों की मांगों का पुरजोर समर्थन करती है। कांग्रेसी नेता ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनने पर प्रत्येक जरूरतमंद को फ्री में 100-100 वर्ग गज के प्लॉट दिए जाएंगे। इसके साथ ही 3.50 लाख रुपये की लागत से दो कमरे भी बनाकर दिए जाएंगे। विधायक पंवार घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान के तहत हरियाणा में कांग्रेस पार्टी के संकल्पों के बारे में क्षेत्रवासियों को अवगत करवा रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सुशासन में 500 रुपये का गैस सिलेंडर, 300 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी। इसके साथ ही किसान भाइयों को एमएसपी गारंटी, पुरानी पेंशन योजना लागू, पदक पाओ पद पाओ नीति दोबारा लागू होगी। कांग्रेस सरकार हरियाणा से नशे व अपराध को जड़ से खत्म करने का काम करेगी। श्री यादव ने अभियान के तहत नारनौल विधानसभा क्षेत्र के गांवों में कार्यकर्ताओं के साथ डोर टू डोर पहुंचकर कांग्रेस के संकल्पों के बारे में अवगत करवाया।

# बसंत पंचमी के अवसर पर आज शहरपुर में निशुल्क आयुष कैंप का आयोजन

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** बाबा खेतानाथ राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल पटीकरा की ओर से 14 फरवरी को बसंत पंचमी के अवसर पर राजकीय प्राथमिक पाठशाला शहरपुर में निशुल्क आयुष कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए चिकित्सा अधिकारी डा. श्रीनिवास गुज्जरवार ने बताया कि इस कैम्प में आयुर्वेद विशेषज्ञों द्वारा निशुल्क परामर्श दिया जाएगा व योग-प्राणायाम के बारे में बताया जाएगा। औषधीय पौधों का निशुल्क वितरण किया जाएगा। मातृ एवं शिशु, वृद्धजनों के लिए विशेष ध्यान दिया जाएगा। सामान्य बीमारियों जोड़ों के दर्द, सांस की बीमारी, चमड़ी के रोग, स्त्री-रोग आदि की जांच करके निशुल्क औषधियां वितरित की जाएंगी।

# गांव खटोटी के पास कार ने तीन महिलाओं को मारी टक्कर, हादसे में एक की मौत दो की हालत गंभीर, ड्राइवर मौके से फरार

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** राष्ट्रीय राजमार्ग 11 पर गांव खटोटी के पास खड़ी तीन महिलाओं को एक कार ने टक्कर मार दी। इसके कारण एक महिला की मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गई । आसपास के लोगों ने तीनों महिलाओं को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां से गंभीर रूप से घायल 2 महिलाओं को आगामी उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वहीं पुलिस ने मृतक महिला के शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस को दी शिकायत में रवि दत्त ने बताया कि उसकी मां विद्या देवी के अलावा गांव की महिला मंजू देवी और गांव की एक लड़की सोनिका तीनों महेंद्र के मकान के बाहर खड़ी थी। इस दौरान नारनौल की ओर से एक बलेनो कार चालक तेज गति और लापरवाही से कार चलते हुए आया और उसने विद्या देवी, मंजू व सोनिका को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद वह वहां से कार सहित भाग गया। टक्कर लगने के बाद तीनों महिलाएं वहां गिर गई। आसपास के लोगों ने तीनों को इलाज के लिए नारनौल नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने विद्या देवी को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल मंजू और सोनिका को रेफर कर दिया गया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी गाड़ी चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नांगल चौधरी हलके के चार गांवों में बनेंगी व्यायामशालाएं



**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** हरियाणा सरकार ने नांगल चौधरी हलके के गांव दंचोली, दताल, सैद अलीपुर व इस्लामपुरा गांवों में व्यायामशाला बनाने की स्वीकृति जारी करते हुए प्रत्येक गांव में 69 लाख 68 हजार रुपए प्रत्येक व्यायामशाला के लिए स्वीकृत करते हुए कुल 2 करोड़ 78 लाख रुपये की राशि जारी की है। नांगल चौधरी विधायक डा. अभय सिंह यादव ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इन गांवों में व्यायामशाला खोलने के ग्रामीणों के अनुरोध पर मुख्यमंत्री से अनुरोध किया था और अब सरकार ने इन व्यायामशालाओं की स्वीकृति जारी कर दी है। शीघ्र ही इसकी टेंडर प्रक्रिया पूरी करते हुए निर्माण कार्य करवाया जाएगा । डा. यादव ने बताया कि ग्राम नांगल कालिया, नांगल सोडा, भुंगारका, कमानियां, दौंगली, शहबाजपुर, रायमलिकपुर, टहला, मेघोत हाला, निजामपुर, कारोली, नियामतपुर, आजमाबाद मोखुता, ढाणी साधा और मुसनोता आदि गांवों को जोड़ने वाले कच्चे रास्तों के पक्का निर्माण के लिए 9 करोड़ 6 लाख 78 हजार रुपये की राशि जारी की है। डा. यादव ने कहा कि नांगल चौधरी हलके के विकास की प्रक्रिया पिछले नौ वर्षों से लगातार जारी है और यह आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि वह क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर इस विधानसभा क्षेत्र को वास्तविक अर्थों में हरियाणा का प्रवेश द्वार बनाकर विकास के मॉडल के रूप में विकसित करने के संकल्प के साथ काम कर रहे हैं ।